
महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष : 16 अंक : 300 | उज्जैन, रविवार 12 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

**सुविचार**

*जीवन में विश्वास समुंदर की तरह है यह कितना गहरा होगा, यह आपकी सोच और ईमानदारी पर निर्भर करता है*

# किसानों के श्रम से देश का खाद्यान्न निर्यात हुआ दोगुना : मुख्यमंत्री

### किसानों के लिए धन की कमी नहीं, सिंचाई का रकबा बढ़कर हुआ 55 लाख हैक्टेयर

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश की सीमा पर जवान और खेतों में किसान दोनों का समान महत्व है। दोनों ही अपनी मिट्टी के प्राण-प्रण से सेवा में तत्पर रहते हैं। किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, हमारी ताकत हैं। इनके बिना हमारे भोजन की थाली अधूरी है। किसानों की मुस्कान ही हमारी पूंजी है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी बड़े जोखिम का काम है, फिर भी हमारे किसान पूरी मेहनत और लगन से देशवासियों का उदर-पोषण करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक किसान पुत्र हैं। किसानों की वेदना और उनकी जरूरतों से वाकिफ हैं। किसानों का कल्याण हमारा लक्ष्य है। इनकी बेहतरी के लिए हम संकल्पबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि देश के किसानों के कल्याण की दिशा में हमारा मजबूत प्रयास है। किसान सम्मान निधि के रूप में हर पात्र किसान के बैंक खाते में 6000 रुपए सीधे ट्रांसफर किये जा रहे हैं, जिससे वे खाद, बीज और खेती-किसानी के अन्य जरूरी समान खरीद सकें। यह किसानों की मेहनत का सम्मान है। अब तक हमारी सरकार हजारों करोड़ रुपए की सहायता किसान भाइयों को दे चुकी है। उन्होंने किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गांव, गरीब, नारी, युवा और खेती-किसानी की लगातार बेहतरी के लिए हमारे प्रयास आगे भी इसी तरह जारी रहेंगे। केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह शनिवार को रायसेन के दशहरा मैदान में आयोजित ÷उन्नत कृषि महोत्सव-2026÷ को संबोधित कर रहे थे।



केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा त्रि-दिवसीय कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत् शुभारंभ किया गया। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय एवं राज्य शासन के कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को मृदा परीक्षण में मदद के लिए स्वॉइल मोबाइल ऐप ई-फॉर्म लान्च किया गया। इस ऐप की मदद से किसान बंधु खुद अपने खेत की मिट्टी की सेहत जांच सकेंगे। कार्यक्रम में नरवाई प्रबंधन, कस्टम हायरिंग एवं अन्य शासकीय योजनाओं के 10 क्षेत्रीय हितग्राही किसानों को मंच से हितलाभ वितरित किए गए। इस दौरान देश में कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास पर केंद्रित आकर्षक लघु फिल्म (एवी) का प्रदर्शन भी किया गया। उन्नत कृषि महोत्सव 13 अप्रैल तक चलेगा।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह ने मध्यप्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सशक्त एवं कर्मठ नेतृत्व में मध्यप्रदेश लगातार विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रायसेन की उर्वर भूमि पर हो रहा यह उन्नत कृषि महोत्सव प्रदेश के किसानों की तकदीर और उनकी माली हालत की तस्वीर बदलने में बेहद सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस कृषि महोत्सव में किसानों को सरकारी योजनाओं के साथ बिचौलियों से मुक्त बाजार सहित वेयर हॉउसिंग और कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के हृदय प्रदेश को एक अलग पहचान दी है। मध्यप्रदेश के किसानों की मेहनत और लगन प्रेरणादायी है। प्रदेश की जनता का अतिथि सत्कार दिल जीत लेता है, यह मध्यप्रदेश की खासियत है।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बीते सालों में केंद्र सरकार ने किसानों के लिए बेमिसाल कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक उपहार की तरह है। इसमें प्राकृतिक आपदा से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई अब फसल बीमा के माध्यम से की जा रही है। भारत सरकार ने देश के सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए हैं। इसकी मदद से किसान पता लगा पा रहे हैं कि उनके खेत में कौन सी फसल ली जा सकती है और उन्हें खाद की कितनी मात्रा डालनी है। इससे कृषि की लागत घटी है। भारत सरकार ने गांव-गांव तक सड़कें, नल से जल, बिजली कनेक्शन दिए और गांवों को शहरों से जोड़ा है। देशभर की मंडियां ऑनलाइन होने से किसान अब घर बैठे अपनी उपज बेच सकता है। हमारी सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के लिए अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। किसानों के कल्याण के लिए धन की कमी कभी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि वे देश के रक्षा मंत्री है, लेकिन दिल से एक किसान भी हैं।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह ने किसानों के हित में रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि हमने देशभर में मौजूद सेना की छावनियों के आसपास के किसानों से ही प्राकृतिक खेती से पैदा किए गए फल एवं सब्जियां खरीदने का निर्णय लिया है। प्राकृतिक और जैविक खेती से पैदा फल और सब्जियां के उपभोग से जवानों की सेहत भी अच्छी हुई है। हमने इन खाद्य उत्पादों को बाहर से बुलवाना बंद कर दिया है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने श्रीअन्न को भी प्रोत्साहन दिया है। इससे छावनी इलाकों के आसपास के किसानों को श्रीअन्न का समुचित मूल्य मिल रहा है। हमारे प्रयासों से जय जवान, जय किसान का नारा सच्चे अर्थों में चरितार्थ हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### दुनिया ने माना भारतीय लोकतंत्र का लोहा, 22 देशों ने की भारत की चुनाव प्रक्रिया की तारीफ



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित मतदान के साथ बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस बार 22 देशों के 38 प्रतिनिधियों ने केरल, पुडुचेरी एवं असम विधानसभाओं की चुनाव प्रक्रिया को करीब से देखा और इसकी पारदर्शिता, तैयारी और वोटरों के उत्साह की खुलकर तारीफ की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र का सच्चा उत्सव बताया और कहा कि भारत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। दो दिन के दौरे में प्रतिनिधियों ने चुनाव प्रक्रिया को समझा। मतदान टीम की तैयारी देखी, चुनाव सामग्री के वितरण और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से मिलकर चुनाव प्रबंधन की जानकारी ली। बूथों की वेबकास्टिंग और निगरानी व्यवस्था को उन्होंने पारदर्शिता का आधार बताया। प्रतिनिधियों ने माक पोल से लेकर वोट की प्रक्रिया तक देखी। तीनों राज्यों के अलग-अलग बूथों पर जाकर मतदान व्यवस्था का निरीक्षण किया। विशेष रूप से दिव्यांगजनों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बनाई गई सुविधाओं जैसे रैंप, व्हीलचेयर और क्रेच की सराहना की। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के उपयोग, ड्रोन से निगरानी, फ्लाइंग स्क्वाड और कुछ जगहों पर रोबोट जैसी नई पहल को भी सराहा। केरल में युवा वोटरों का उत्साह और असम में मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएं उन्हें ज्यादा अच्छी लगीं।

### केवल वे ही इसके काबिल, शशि थरूर ने ली पाकिस्तान की चुटकी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मध्य-पूर्व संकट में पाकिस्तान की मजबूरियों और भारत की रणनीति के बीच साफ अंतर बताते हुए इस्लामाबाद पर तंज कसा और नई दिल्ली के नजरिए का बचाव किया। थरूर की यह टिप्पणी तब आई जब अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए इस्लामाबाद पहुंचे। ठीक उसी समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो गई, जिसमें एडिट हिस्ट्री हेडर पाकिस्तान के PM के लिए ड्राफ्ट साफ दिख रहा था। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि क्या आप जानते हैं कि पाकिस्तान के वॉशिंगटन के साथ किस तरह के रिश्ते हैं? आरोप लगे हैं कि वॉशिंगटन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के लिए वह ट्वीट लिखा था। अगर आप और मैं भारत के प्रधानमंत्री के लिए कुछ लिखते, तो क्या हम उसके ऊपर भारत के PM के लिए ड्राफ्ट लिखते? थरूर ने आगे कहा कि शरीफ की पोस्ट वैसी ही थी जैसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कुछ घंटे पहले इस्तेमाल की थी। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि वॉशिंगटन के साथ पाकिस्तान ने जिस तरह की भूमिका निभाई है, वैसी भूमिका सिर्फ पाकिस्तान ही निभा सकता है। अमेरिका-ईरान युद्ध में पाकिस्तान की व्यापक मध्यस्थता भूमिका पर टिप्पणी करते हुए थरूर ने कहा कि पाकिस्तान की ईरान के साथ 900 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जहां शिया आबादी का बड़ा हिस्सा रहता है। अगर संघर्ष बढ़ता है तो शरणार्थियों की पहली लहर को पाकिस्तान को ही संभालना पड़ेगा। थरूर ने यह भी बताया कि इस खेल में पाकिस्तान का दांव हमसे अलग है। मुझे इसमें कोई मुकाबला नजर नहीं आता। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की दिलचस्पी नतीजे में है, प्रक्रिया में नहीं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि खाड़ी देशों में एक करोड़ से ज्यादा भारतीय रहते हैं और इस युद्ध ने ऊर्जा आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। शांति बनी रहनी चाहिए। इस युद्ध ने भारत को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस युद्ध का अंत भारत के ही फायदे में है, चाहे मध्यस्थता पाकिस्तान हो या कोई भी करे। चुप्पी भी कूटनीतिक योगदान हो सकती है।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर, ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर रहा फोकस

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शनिवार को यूएई की राजधानी अबू धाबी पहुंच गए हैं। दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान वे यूएई के नेतृत्व के साथ उच्चस्तरीय वार्ता करेंगे। पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल-अमेरिका संघर्ष के मौजूदा माहौल को देखते हुए इस यात्रा का विशेष महत्व है।

इस यात्रा के जरिए भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही रक्षा सहयोग को बढ़ाने और क्षेत्रीय स्थिरता पर चर्चा प्रमुख तौर पर होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर यूएई के विदेश मंत्री और अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का मुख्य फोकस ऊर्जा सहयोग पर है। यूएई भारत का प्रमुख ऊर्जा साझेदार है। वर्ष 2024 में भारत ने यूएई से करीब 13.45 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया।



खाड़ी क्षेत्र से भारत की 45% से अधिक तेल आपूर्ति- यूएई भारत के कुल कच्चे तेल आयात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा (लगभग 10 फीसद) है और खाड़ी क्षेत्र से भारत की 45 प्रतिशत से अधिक तेल आपूर्ति होती है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण होर्मुज की खाड़ी से गुजरने वाली आपूर्ति पर खतरा मंडरा रहा है, इसलिए जयशंकर ऊर्जा सुरक्षा और लंबी अवधि के सौदों पर जोर देंगे। अभी हाल ही में जनवरी 2026 में ही दोनों देशों ने 3 अरब डॉलर का एलएनजी आयात समझौता किया था, जिसमें यूएई की कंपनी एडीएनओसी गैस भारत को 10 वर्षों तक सालाना 5 लाख मीट्रिक टन एलएनजी सप्लाई करेगी।

सूत्रों ने बताया कि रक्षा सहयोग भी यात्रा का अहम मुद्दा होगा। जनवरी 2026 में यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए थे।

इस समझौते के तहत दोनों पक्ष रक्षा औद्योगिक सहयोग, नवाचार, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी कार्रवाई और विशेष अभियानों में सहयोग बढ़ाने पर काम करेंगे। भारत और यूएई पहले से ही संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं और यह नया ढांचागत समझौता सहयोग को नई ऊंचाई देगा।

## मुंबई में टेरर फंडिंग और फर्जी पासपोर्ट रैकेट का पर्दाफाश

**मुंबई/ जीएनएस।** देश की आर्थिक राजधानी के मालाड (पूर्व) क्षेत्र में मुंबई पुलिस की विशेष शाखा की आतंकवाद विरोधी इकाई ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है जो न केवल फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध पासपोर्ट बनवा रहा था, बल्कि उसके तार आतंकी फंडिंग और हवाला नेटवर्क से भी जुड़े होने की आशंका है।



पुलिस के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकवाद विरोधी दस्ते ने मालाड के कुरार इलाके में तीन अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 49 वर्षीय मोहम्मद इस्लाम इस्माइल खान उर्फ सलीम रहमतुल्लाह शेख को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस को सलीम के पास से करीब 40 व्यक्तियों के व्यक्तिगत दस्तावेज और फर्जी पहचान पत्र मिले हैं, जिनका उपयोग जाली पासपोर्ट बनवाने के लिए किया जा रहा था।

पुलिस को आरोपित के पास से भारी मात्रा में नकदी (लगभग 14 लाख रुपए) और कुवैती दिनार सहित अन्य विदेशी मुद्रा बरामद हुई है। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह हवाला के जरिए विदेशों से पैसा मंगाने और अवैध रूप से लोगों को सीमा पार भेजने में लिप्त था।

आरोपी सलीम खुद भी कुवैत का सिविल आईडी कार्ड और फर्जी भारतीय पहचान पत्रों का इस्तेमाल कर कई बार विदेश यात्रा कर चुका है।

सिंडिकेट पासपोर्ट सेवा केंद्र का अवैध कारोबार - मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपित के पास से दो अलग-अलग नामों से बने पासपोर्ट मिले हैं। एक हैदराबाद से और दूसरा मुंबई से बनवाया गया था। यह सिंडिकेट पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) के कुछ भ्रष्ट कर्मियों के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा था या नहीं, इसकी भी गहनता से जांच की जा रही है।

पकड़े गए आरोपित के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। 40 फर्जी पासपोर्टों का मामला सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

## फार्मर आईडी से मिलेगा यूरिया, नई व्यवस्था में जमीन तय करेगी खाद की मात्रा

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** खाड़ी देशों में तनाव और कच्चे माल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बीच उर्वरक संकट की आशंका को देखते हुए सरकार यूरिया के दुरुपयोग और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए नई वितरण व्यवस्था लागू करने जा रही है।

अब किसानों को उनकी जमीन के हिसाब से ही यूरिया मिलेगा। मतलब जिसके पास जितनी जमीन होगी, उसे उतनी ही खाद मिलेगी। सरकार का मानना है कि इससे जरूरत से ज्यादा खरीद और अवैध डायवर्जन पर प्रभावी रोक लगेगी।इस नई व्यवस्था के लिए किसानों की डिजिटल पहचान यानी फार्मर आईडी को जमीन के रिकार्ड, आधार और बैंक खाते से जोड़ा जा रहा है।



अब तक देश में 9 करोड़ 29 लाख से अधिक फार्मर आईडी बन चुकी हैं। शेष किसानों के पंजीकरण का काम तेजी से जारी है।उर्वरकों पर हर साल भारी सब्सिडी मिलती है। वर्तमान में 45 किलो की यूरिया की एक बोरी किसानों को 266 रुपये में मिलती है, जबकि इसकी वास्तविक लागत 2200 रुपये तक होती है।

इसी अंतर का फायदा उठाकर अवैध डायवर्जन होता है। किसानों को अतिरिक्त बोझ से बचाने और खाद के कीमत को नियंत्रित रखने के लिए हाल में ही केंद्रीय कैबिनेट ने 41 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी मंजूर की है। नई व्यवस्था के तहत खाद खरीदते समय किसानों को ई-प्वाइंट आफ सेल मशीन पर फार्मर आईडी दर्ज करनी होगी।

सिस्टम तुरंत बता देगा कि किसान के पास कितनी जमीन है और वह पहले कितनी खाद खरीद चुका है। उसी आधार पर आगे उर्वरक मिलेगा। हर बोरी का ट्रैक रिकार्ड भी रखा जाएगा, जिससे पता चल सकेगा कि कौन सी बोरी किस किसान को दी गई है।

प्रत्येक राज्य अपनी मिट्टी की प्रकृति और फसल पैटर्न के अनुसार उर्वरक की अधिकतम सीमा तय कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश में यह व्यवस्था एक जून से लागू करने की तैयारी है, जहां प्रति हेक्टेयर अधिकतम सात बोरी यूरिया का मानक निर्धारित किया गया है।

इससे अधिक खाद किसानों को उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।इस व्यवस्था से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि सस्ती कृषि यूरिया का औद्योगिक डायवर्जन रुकेगा।

### मुंबई-बेंगलुरु के बीच चलेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, रेल मंत्री ने दी हरी झंडी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु और मुंबई के बीच एक नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेवा को मंजूरी दे दी है। पहली कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के सफल लॉन्च के करीब तीन महीने बाद अब एक और नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को मंजूरी मिल गई है। नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सरकार की तेज उत्पादन योजना के अनुरूप है। इस ट्रेन का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक 12 नए स्लीपर रेक पेश करके पूरे देश में लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। बेंगलुरु सेंट्रल से BJP सांसद पी.सी. मोहन को 5 अप्रैल, 2026 को लिखे एक पत्र में अश्विनी वैष्णव ने इस ट्रेन सेवा को मंजूरी देने की घोषणा की। यह ट्रेन चयस्क्र बेंगलुरु रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बीच चलेगी। सांसद को लिखे पत्र में केंद्रीय मंत्री ने लिखा, कृपया बेंगलुरु और मुंबई के बीच नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने के संबंध में हमारी चर्चा का संदर्भ लें, जो जनता की सुविधा के लिए है। पत्र में आगे लिखा गया, आपको यह जानकर खुशी होगी कि चयस्क्र बेंगलुरु और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने को मंजूरी दे दी गई है।

## शादियों से 40 लाख रुपये के आभूषण चुराने वाले गैंग का भंडाफोड़, उदयपुर पुलिस ने दबोचे दो शातिर बदमाश

**उदयपुर/ जीएनएस।** उदयपुर पुलिस ने शादियों में गहने और नकदी चुराने वाली इंटरस्टेट गैंग का पर्दाफाश करते हुए मध्यप्रदेश से दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों ने पिछले महीने शहर में एक शादी समारोह से करीब 40 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए थे। एसपी डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में पुलिस ने तकनीकी और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़कर चोरी के गहने भी बरामद कर लिए।

रिसेप्शन से बैग पार कर फरार हुए थे बदमाश- 11 मार्च 2026 को महाप्रज्ञ विहार स्थित तेरापंथ भवन में एक रिसेप्शन के दौरान बदमाश मेहमान बनकर पहुंचे। दूल्हे के पिता नरेंद्र शर्मा के पास रखे बैग में बहू को देने के जेवरात थे। मौका पाकर बदमाश बैग लेकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में कैद हुई, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

एमपी के गांवों तक पहुंची जांच- पुलिस जांच में सामने आया कि यह गैंग मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के कडिया सांसी और गुलखेड़ी गांव से संचालित होती है। पुलिस टीम ने वहां डेरा डालकर लगातार रेकी की और मुखबिर तंत्र विकसित किया। इसके बाद अशोकनगर निवासी विकास (26) और नकुल (24) को गिरफ्तार किया गया।

50 से ज्यादा वारदातें कबूलीं- पूछताछ में आरोपियों ने राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश सहित कई राज्यों में 50 से अधिक चोरी और लूट की वारदातें कबूल की हैं। ये गैंग शादियों में घुसकर जेवरात चोरी करने के अलावा बैंक से नकदी निकालने वालों को भी निशाना बनाती थी।

## महिला आरक्षण पर सहमति की कोशिश... पीएम मोदी ने नेताओं को लिखा पत्र

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पर सर्वसम्मति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्तर से ही कोशिश शुरू हुई है।

16 अप्रैल को विशेष सत्र में पेश होने वाले संविधान संशोधन विधेयक के लिए उन्होंने सभी पार्टी के नेताओं को चिट्ठी लिखी है। वर्ष 2023 में पारित हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के बाद इसे 2029 से ही लागू किया जा सकेगा।



इसके लिए सीटें भी बढ़ाई जानी है और इस लिहाज से परिसीमन भी होगा। शनिवार को सभी नेताओं को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा, ÷16 अप्रैल से देश की संसद में एतिहासिक चर्चा होने जा रही है। कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है जब महिलाओं को आगे बढ़ने , निर्णय लेने और नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि हम सभी इस संशोधन को एक स्वर में पारित कराने के लिए एकजुट हों।

कांग्रेस की ओर से चुनाव के बीच इस विधेयक को लाए जाने पर आपत्ति जताई जा रही है और कहा जा रहा है कि सरकार चुनाव में इसका श्रेय लेना चाहती है। प्रधानमंत्री ने अपने दो पन्ने के पत्र में कहा है कि यह अवसर किसी पार्टी या व्यक्ति से उपर है।

2029 में होगा लागू- उन्होंने लिखा है कि 2023 में संसद से नारी शक्ति वंदन विधेयक को पारित कराने में सभी सदस्यों का योगदान था। उस समय सबने इसे जल्द से जल्द लागू कराने की भी बात कही थी। संविधान विशेषज्ञों से विचार विमर्श और गहन मंथन के बाद अब हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि पूर्ण भावना के साथ इसे लागू किया जाए।

2029 का लोकसभा चुनाव और बाद के सभी विधानसभा चुनाव में इसे लागू करना उचित अवसर होगा। गौरतलब है कि पहले इसे 2034 के लोकसभा चुनाव से लागू करने की बात आ रही थी क्योंकि इसके लिए नई जनगणना के अनुसार परिसीमन भी किया जाना था।

लेकिन अब 2011 जनगणना के आधार पर परिसीमन कर इसे 2029 से ही लागू किया जाएगा। अब लोकसभा में 816 सीटें होंगी और महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी। जिन राज्यों में एक सीट है वहां हर तीसरे चुनाव में आरक्षण प्रभावी होगा।

# कनाडिया पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, पुताई करने वाले ही निकले आरोपी




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के तहत कनाडिया थाना पुलिस ने एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह रही कि घर में पुताई का काम करने वाले पेंटरों ने ही भरोसे का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से करीब 25 लाख रुपये के सोने के जेवरात और घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन बरामद किया गया है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेंद्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कनाडिया और उनकी टीम ने इस मामले में कार्रवाई की।

प्रकरण के अनुसार 3 अप्रैल 2026 को फरियादी तन्मय कानूनगो, निवासी सांई वल्लभ अपार्टमेंट, सम्पत हिल्स, बिचौली मर्दाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपने फ्लैट की पुताई का काम कराया था और सोने के आभूषण वॉशिंग मशीन में छिपाकर रखे थे। फ्लैट की चाबी और एक्टिवा वाहन पुताई करने वालों को दिया गया था। 2 अप्रैल को जब उनकी पत्नी फ्लैट पर पहुंची तो अंदर के कमरे का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर आभूषण गायब पाए गए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर की सूचना तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रामकुमार लोधी निवासी आलोक नगर मुसाखेड़ी और रिजवान उर्फ रिज्जू निवासी नई बस्ती आजाद नगर शामिल हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पुताई का काम लेने के बहाने घरों की रेकी करते थे और मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी से प्राप्त रकम का उपयोग वे ऑनलाइन गेमिंग और अपनी अय्याशी के शौक पूरे करने में करते थे।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहर्ष यादव सहित पुलिस टीम और साइबर सेल जोन-2 के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सतर्कता से यह मामला उजागर हुआ।

## जीरो वेस्ट मॉडल की ओर बढ़ता गरिमा विद्या विहार, आयुक्त ने विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने गरिमा विद्या विहार स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता विषय पर संवाद किया और उन्हें स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ शहर का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हर नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, अपनी जिम्मेदारी को समझे और स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए उन्हें अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विद्यालय परिसर में स्थापित रोबोटिक लैब और 3आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) सेंटर का अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह, विद्यालय के प्राचार्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्राचार्य ने बताया कि गरिमा विद्या विहार स्कूल शहर का एकमात्र विद्यालय है, जो 'जीरो वेस्ट' की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। स्कूल की हर कक्षा में स्वच्छता एंबेसडर नियुक्त किए गए हैं, जो लगातार स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## मोनोपॉली पर जिला प्रशासन का सख्त रवैया

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में स्कूली कॉपी-किताबों एवं यूनिफॉर्म के संबंध में होने वाली मोनोपोली को समाप्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

इसी क्रम में आज एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए गांधीनगर क्षेत्र स्थित डॉ. विश्वनाथ कराडा गुरुकुल शांति (वर्ल्ड पीस स्कूल) के संचालक एवं प्राचार्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी तरह एक स्टेशनरी विक्रेता के विरुद्ध भी प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर पर श्रीमती प्रियंका गुप्ता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उक्त विद्यालय द्वारा छात्रों को अपनी ही स्टेशनरी दुकान से कॉपी-किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। अन्य किसी दुकान पर संबंधित स्कूल की पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई जा रही थीं।

शिकायत के परीक्षण हेतु विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केंद्र तेजाजी नगर द्वारा गठित दल ने जांच की। जांच में पाया गया कि विद्यालय की समस्त पुस्तकें एवं कॉपियां केवल एक ही निर्धारित दुकान पर उपलब्ध थीं और अन्य दुकानों पर उपलब्ध नहीं थीं। साथ ही विद्यालय प्राचार्य द्वारा लिखित में यह स्वीकार किया गया कि पुस्तकों की व्यवस्था विद्यालय द्वारा ही कराई जाती है।

यह कृत्य कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी आदेश का उल्लंघन पाया गया। साथ ही संबंधित स्कूल संचालक द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 का भी उल्लंघन किया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर थाना गांधीनगर में विद्यालय संचालक एवं प्राचार्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

इसी तरह एक अन्य मामले में डी.पी.एस. स्कूल राऊ की बुक्स एक ही दुकान से मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसकी गठित जाँच दल द्वारा जाँच करने पर प्राप्त शिकायत सही पायी गई। समृद्धि पार्क पिपल्याहाना स्थित गुडलक स्टेशनरी द्वारा कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन किये जाने पर उक्त स्टेशनरी विक्रेता के विरूद्ध पुलिस थाना तिलक नगर में एफ.आई.आर दर्ज की गई है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि किसी भी स्कूल द्वारा अभिभावकों को विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, देपालपुर सिविल कोर्ट परिसर को मिला प्रथम स्थान- जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम इंदौर द्वारा कराए गए गोपनीय स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद देपालपुर अंतर्गत संचालित शासकीय कार्यालयों में सिविल कोर्ट परिसर, देपालपुर को उत्कृष्ट स्वच्छता के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में व्यवहार न्यायालय देपालपुर में जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान की अध्यक्षता में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता और अनुशासन को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान न्यायालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया और सभी उपस्थितजनों ने परिसर का निरीक्षण कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीनियर सिविल जज श्रीमती रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़, दिव्या श्रीवास्तव, सीएमओ बहादुर सिंह रघुवंशी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंतर सिंह मौर्य, सचिव दिनेश डोंड, उपाध्यक्ष दिलीप डाबी, कोषाध्यक्ष रजनी पवार सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी दिनचर्या और संस्कार का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय जैसे गरिमामय स्थान की स्वच्छता कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ-साथ आमजन में सकारात्मक संदेश भी प्रसारित करती है।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता को निरंतर बनाए रखने और इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया।

## अग्नि सुरक्षा में लापरवाही पर सख्ती, बेसमेंट का गलत उपयोग करने वाले भवन सील

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्रीष्म ऋतु में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा शहर में बृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार नगर निगम के फायर विभाग और भवन अनुज्ञा शाखा की टीम विभिन्न व्यावसायिक, शैक्षणिक और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में फायर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लगातार सर्वे कर रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों और संस्थानों में आग से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपात स्थिति में त्वरित व सुरक्षित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। भवन अधिकारी और निरीक्षकों द्वारा शहर के हाई फुटफॉल वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक सभी जोन क्षेत्रों में कुल 432 भवनों का सर्वे किया जा चुका है, जिनमें से 282 भवनों में अग्नि सुरक्षा उपकरण तो लगे मिले, लेकिन इनमें से 50 उपकरण बंद अवस्था में पाए गए। वहीं 133 भवन ऐसे मिले जहां किसी प्रकार की फायर सुरक्षा व्यवस्था ही नहीं थी। ऐसे सभी भवन स्वामियों और संचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और अब तक 101 लोगों को नोटिस दिए जा चुके हैं। जिन भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया या बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के अलावा अन्य कार्यों में किया जा रहा था, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 9 भवनों को 9 अप्रैल और 5 भवनों को 10 अप्रैल 2026 को सील किया गया है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे फायर सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई कर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## राज्य सरकार की योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है - मंत्री श्री सिलावट



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को सांवेर के ग्राम पंचायत कदवालीखुर्द में स्वच्छता अभियान एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उददेश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर, स्वच्छ भारत की अवधारणा को बताते हुए उन्हें राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना था। मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्राम पंचायत कदवालीखूर्द में स्वच्छ भारत अभियान अन्तर्गत मंदिर परिसर में सफाई की। उन्होंने नागरिकों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा कर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। श्री सिलावट ने क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया। इस दौरान स्वच्छ भारत अभियान, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना, वृद्धावस्था पेंशन, उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है, इसलिए इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेवें। इस अवसर पर सर्वश्री रवि वाजपेई, गोविन्द सिंह, मानसिंह चौहान, सरपंच जीवन गेहलोत, गजराज गेहलोत, महेश मंत्री सहित सैकडों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# तिलक नगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चाकूबाजी करने वाला आरोपी दो नाबालिग साथियों सहित गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तिलक नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक पर चाकू से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को उसके दो नाबालिग साथियों सहित गिरफ्तार किया है। घटना उधारी के रुपये वापस मांगने को लेकर हुई थी, जिसमें आरोपियों ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया था।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेंद्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मंडलोई के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिलक नगर और उनकी टीम को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

घटना 6 अप्रैल 2026 की है, जब फरियादी पिंटू पांचाल ने थाना तिलक नगर में शिकायत दर्ज कराई कि कनाडिया रोड स्थित संविद नगर में खड़े होने के दौरान साहिल कैथवास अपने दो साथियों के साथ बाइक से आया और दुर्गेश चौहान के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी साहिल ने चाकू निकालकर हमला कर दिया, जबकि उसके साथियों ने पत्थरों से मारपीट की। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

मामले में थाना तिलक नगर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र से मुख्य आरोपी सहित दो नाबालिगों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया गया है। नाबालिग आरोपियों के परिजनों को बुलाकर समझाइश दी गई और उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

गिरफ्तारी से बचने के प्रयास में मुख्य आरोपी साहिल कैथवास ने बाउंड्री वॉल से छलांग लगा दी, जिससे उसके पैर में चोट लग गई। उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष लोधा, उपनिरीक्षक अशोक बुनकर सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## अवैध रूप से ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों के क्रय-विक्रय एवं भंडारण पर एफआईआर दर्ज



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले के मल्हारगंज तहसील अंतर्गत ग्राम टिगरिया बादशाह में ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों के अवैध क्रय-विक्रय एवं भंडारण के मामले में प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया है। खातीवाला टैंक निवासी अब्दुल कादिर कुक्षीवाला द्वारा बिना वैधानिक अनुमति/अनुज्ञप्ति के पेट्रोलियम उत्पादों का अवैध व्यापार किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान मौके से एमटीओ 3000 लीटर, तारपीन 1200 लीटर तथा सॉफ्ट थिनर 11500 लीटर, कुल अनुमानित कीमत 7 लाख 17 हजार 600 रुपये के ज्वलनशील पदार्थ जप्त किए गए। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी अविनाश जैन द्वारा पुलिस थाना बाणगंगा में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण एवं व्यापार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## ई-डार पोर्टल से दुर्घटना प्रबंधन होगा और सशक्त, जोन-2 पुलिस को दिया गया प्रशिक्षण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी प्रबंधन और त्वरित सूचना प्रणाली को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगरीय जोन-2 के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ई-डार पोर्टल पर विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-डार पोर्टल के उपयोग, उसकी कार्यप्रणाली और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेंद्र सिंह ने बताया कि यह पोर्टल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा विकसित एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो दुर्घटना स्थल की तत्काल जानकारी, फोटो और वीडियो के साथ एकीकृत डेटा प्रणाली से जुड़कर कार्य करता है। इससे दुर्घटनाओं की सटीक जानकारी संकलित करने और उनके कारणों का विश्लेषण करने में मदद मिलती है।

उन्होंने यह भी बताया कि ई-डार पोर्टल का मुख्य उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। इसके माध्यम से दुर्घटना संबंधी जानकारी को तेजी और सटीकता से दर्ज किया जा सकता है, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

कार्यक्रम में जिला समन्वय अधिकारी श्री अमित मूरे ने भी उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पोर्टल के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार दुर्घटना की जानकारी दर्ज की जाती है, फोटो और वीडियो अपलोड किए जाते हैं तथा पोर्टल के साथ समन्वय स्थापित किया जाता है। इस प्रशिक्षण से पुलिस विभाग की कार्यक्षमता में वृद्धि होने के साथ ही आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

## वंदे मातरम के सामूहिक गान से देंगे राष्ट्रभक्ति का संदेश, 150 से अधिक संगठन आए साथ



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में राष्ट्रभक्ति के भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा कार्यालय में सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इंदौर के 150 से अधिक संगठन अपने-अपने सामाजिक, व्यापारिक और अन्य आयोजनों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान करेंगे।

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम देश की आत्मा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए अपमानजनक घटनाक्रम से समाज में आक्रोश है और इसका जवाब राष्ट्रभक्ति के माध्यम से दिया जाएगा। उन्होंने सभी समाजों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने कार्यक्रमों की शुरुआत वंदे मातरम से करें, ताकि एक सशक्त संदेश दिया जा सके।

बैठक में मौजूद विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने इस पहल का समर्थन करते हुए अपने-अपने संगठनों में वंदे मातरम के नियमित गान का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि मातृभूमि का सम्मान सर्वोपरि है और वंदे मातरम का उच्चारण गौरव की अनुभूति कराता है। कई संगठनों ने अपने आगामी कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों और संस्थानों में इसकी शुरुआत करने की घोषणा की।

इस अवसर पर शहर के अनेक सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

## हॉट स्पॉट चेकिंग में बड़ी कार्रवाई, 3 किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत छत्रीपुरा थाना पुलिस को हॉट स्पॉट चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को 3 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर शहर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री दीशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त सराफा श्री विजय तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छत्रीपुरा श्री संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम गठित कर हॉट स्पॉट क्षेत्रों में सघन चेकिंग की जा रही है।

दिनांक 10 अप्रैल 2026 को गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध महिला दिखाई दी, जो पुलिस को देखकर भागने लगी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। महिला प्रधान आरक्षक द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से एक पोटली में रखा अवैध गांजा बरामद हुआ। जांच में इसकी मात्रा 3 किलोग्राम पाई गई।

आरोपी महिला की पहचान रानी सौदे, निवासी मटन वाली गली, लाबरिया भैरू के रूप में हुई है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सतर्कता से यह सफलता प्राप्त हुई।

# इंदौर जिले के पटवारी अब विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों का उपयोग कर अपने कार्यों को बनाएंगे बेहतर

### कलेक्टर के निर्देश सभी पटवारी ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग कर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में करें सभी कार्य

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में एलआरएम के अंतर्गत सभी पटवारियों को विभिन्न शासकीय पोर्टलों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पटवारियों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रभावी संचालन हेतु दक्ष बनाना था।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस प्रशिक्षण में पटवारियों को RCMS, WEBGIS 2.0, फार्मर रजिस्ट्रेशन, डिजास्टर वार्निंग रिस्पांस सिस्टम, IDRN, सीएम हेल्पलाइन, SAARA, पीएम किसान/सीएम किसान, परिचय, साइबर तहसील, ई-ऑफिस, आई-गॉट पोर्टल, एग्रीकल्चर पोर्टल, पीएम-सीएम मॉनिटरिंग, लोक सेवा गारंटी, फॉरेस्ट पोर्टल, जन आकांक्षा पोर्टल, एमपी ट्रेजरी, गूगल मीट, गूगल शीट, एमपी किसान पोर्टल, एनआईसी पोर्टल इंदौर, पीएस रेवेन्यू पोर्टल, डीजी लॉकर एवं पंचायत पोर्टल सहित अन्य महत्वपूर्ण पोर्टलों का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कल्याणी पांडे और अन्य विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से विभिन्न तहसीलों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में डॉ. अंबेडकर नगर (महू), राऊ, जूनी इंदौर एवं खुडेल तहसीलों के पटवारियों को प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय चरण में देपालपुर, हातोद एवं बिचौली हप्सी तहसीलों के पटवारी प्रशिक्षित होंगे।

# नीमच के अनिल कुमार जैन बने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय रेलवे के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी श्री अनिल कुमार जैन ने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से नीमच सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता के रूप में कार्यरत थे।

भारतीय रेलवे विद्युत सेवा के 1990 बैच के अधिकारी श्री जैन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रामपुरा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने जीईसी, उज्जैन से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक. तथा आईआईटी दिल्ली से एम.टेक. (स्वर्ण पदक) की उपाधि हासिल की। वे नीमच निवासी सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर श्री रमेश चन्द्र जैन एवं श्रीमती पवन कुमारी जैन के सुपुत्र हैं। उनके भाई श्री मनोज जैन नीमच में,ष्ठश्वह्र के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विधु जैन चित्तौड़गढ़ की निवासी हैं। श्री जैन अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों एवं गुरुजनों, विशेष रूप से श्री अरविन्द लक्कड़ को देते हैं।



अपने लंबे और बहुआयामी सेवाकाल में श्री जैन ने भारतीय रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने दक्षिण रेलवे में लगभग 10 वर्षों तक सहायक विद्युत अभियंता, मंडल विद्युत अभियंता एवं उपमुख्य विद्युत अभियंता जैसे पदों पर कार्य किया। पश्चिम मध्य रेलवे में उन्होंने उप महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक के सचिव के रूप में सेवाएं दीं। इसके अलावा उत्तर पश्चिम रेलवे में विद्युतिकरण कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और DFCCIL, जयपुर में भी करीब पांच वर्षों तक कार्य किया। उन्होंने RITES और गुजरात मेट्रो, अहमदाबाद में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे में उन्होंने विद्युतिकरण एवं इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वहीं दक्षिण रेलवे में अपने कार्यकाल के दौरान चेन्नई में रेलवे क्रू स्टाफ के लिए पहली बार पेजर सुविधा शुरू कर एक अभिनव पहल की। उन्हें लोको मेंटेनेंस, इलेक्ट्रिक लोको शेड निर्माण, इंजनों की विश्वसनीयता सुधार एवं मटेरियल मैनेजमेंट का व्यापक अनुभव है। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें चेन्नई एवं जबलपुर में दो बार महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

विशेष रूप से उन्होंने पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में भी करीब दो वर्षों तक सेवाएं देते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने जापान और दक्षिण कोरिया में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिसमें आधुनिक रेल तकनीक और डिजाइन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। अध्ययनशील और सरल स्वभाव के धनी श्री जैन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं। उनके गतिशील, दूरदर्शी और प्रेरणादायी नेतृत्व में दक्षिण पूर्व रेलवे के नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने किया यशोधर्मन थाने का भ्रमण, पुलिस की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 11 अप्रैल को 'सैनिक स्कूल मंदसौर' के कक्षा 7वीं के 75 कैडेट्स ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत यशोधर्मन थाना मंदसौर का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य कैडेट्स को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। इस अवसर पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिवांशु मालवीय ने कैडेट्स का आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें पूरे थाना परिसर का विस्तृत भ्रमण करवाया। उन्होंने अपने कार्यालय, विभिन्न शाखाओं एवं समस्त स्टाफ के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान कैडेट्स को थाने में उपयोग किए जाने वाले हथियारों, संचार उपकरणों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों से परिचित कराया गया। साथ ही उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, शिकायत निवारण प्रणाली, आपातकालीन सेवाओं तथा पुलिस की दैनिक जिम्मेदारियों के बारे में सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। कैडेट्स ने इस अवसर पर अत्यंत उत्साह के साथ विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका समाधान इंस्पेक्टर महोदय द्वारा धैर्यपूर्वक एवं सहज भाषा में किया गया। इस संवादात्मक सत्र ने कैडेट्स में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से कैडेट्स को न केवल व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि उनमें अनुशासन, जिम्मेदारी एवं देश सेवा के प्रति प्रेरणा भी जागृत हुई।

## नकबजनी में फरार आरोपी ने किया था बालिका को अपहृत, 10 माह में ढूंढकर पकड़ा

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर कोतवाली पुलिस द्वारा 10 माह पूर्व अपहृत की गई बालिका का पता लगाया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 13 वर्ष पुराने थाना पिपलियामंडी के नकबजनी के अपराध में भी फरार था।



पुलिस अधीक्षक विनोद मीना के निर्देशों के तहत सिटी कोतवाली मंदसौर द्वारा दिनांक 13 जून 25 को ग्राम अलावदाखेडी से अपहरण की गई बालिका का पता लगाने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। घटना का अनुसार फरियादी निवासी अलावदाखेडी ने थाने पर आकर प्रथम सूचना लेख करवाई की उसकी नाबालिक बालिका आयु 17 वर्ष को कोई अज्ञात बदमाश बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उक्त सूचना पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए बालिका के निवास के पड़ोसियों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। बालिका के पूर्व में आने जाने वाले परिचितों से भी जानकारी प्राप्त की जाकर साक्ष्य संकलित किए गए एवं प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीमे नीमच, छोटीसादडी, निंबाहेडा राजस्थान की ओर लगातार रवाना की जाकर बालिका का पता लगाने के प्रयास किए गए। अंततः दिनांक 11 अप्रैल को शहर कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को कानाखेडा नीमच से तलाश कर पता लगाने व आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। उक्त अपराध में बालिका के कथनों के आधार पर पाक्सो एक्ट की एवं बलात्कार से संबंधित सुसंगत धाराओं को बढाया गया है। प्रकरण में मेडिकल परीक्षण एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ थाना प्रभारी कोतवाली, उनि उषा बारिया, प्रआर रामनारायण नागदा, प्रआर दिनेश धाकड, आरक्षक भानु प्रताप, म.आर शायर गुर्जर, म.आर शानु राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

## रोड इंजीनियरिंग त्रुटिपूर्ण होने से दुर्घटनाएं हो तो संबंधित विभाग के विरुद्ध 'गैर इरादतन हत्या' का मुकदमा किया जा सकता है- शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे ने अपने तय वक्तव्य में कहा है कि यदि किसी क्षेत्र में किसी रोड पर प्रतिदिन या आमतौर पर दुर्घटनाएं अधिक हो रही हो तथा निर्धारित मापदंड के आधार पर रोड का निर्माण नहीं किया गया हो अर्थात रोड इंजीनियरिंग त्रुटि पूर्ण होने, सड़क यातायात के निर्धारित संकेतक एवं पर्याप्त सूचनाओं के अभाव के कारण दुर्घटना हो रही हो और शिकायतों के बावजूद सरकार या संबंधित विभाग सुनवाई नहीं कर रहा है तो संबंधित विभाग, अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 पूर्व में आईपीसी 304 के तहत गैर इरादतन हत्या या लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया जा सकता है। क्योंकि इसमें संभावित दुर्घटना या मृत्यु की जानकारी होने के बावजूद उपेक्षा का मामला बनता है।



शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे ने अपने तय वक्तव्य में कहा है कि यदि तकनीकी रिपोर्ट, पीडब्ल्यूडी की जांच में खराब डिजाइन या रखरखाव में लापरवाही पाई जाती है तो यह जानबूझकर की गई उपेक्षा मानी जाती है। इसके लिए कोई भी नागरिक या संगठन पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज सकता है, यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो सीआरपीसी जिसे बीएनएसएस कहते हैं की धारा 156(3) के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के पास शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करके सड़क की तत्काल मरम्मत और दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग की जा सकती है। इसके लिए घटनास्थल की तस्वीरें, वीडियो, पिछली शिकायतें, पुलिस की एफ आई आर सबसे महत्वपूर्ण सबूत है। शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे ने कहा है कि इसके अतिरिक्त सरकार यह संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित करने हेतु अल्पकाल के लिए लोकतांत्रिक आंदोलन जैसे चक्काजाम, रोड पर धरना आंदोलन, बैरिकेडिंग इत्यादि की जा सकती है। स्मरण रहे कि इस प्रकार के आंदोलन अल्पकाल के लिए ही किए जा सकते हैं।

# 4 करोड़ 13 लाख की लागत से सिंगोली नगर परिषद का नया भवन बनेगा

### क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक सकलेचा के हाथों आज होगा करोडो के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण

**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विकास कार्यों की श्रृंखला के अंतर्गत आज रविवार को साय 4ः00 बजे वार्ड क्रमांक 14 में स्थित 35 लाख की लागत के डॉ भीमराव अंबेडकर उद्यान का लोकार्पण और चार करोड़ 13 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नगर निकाय भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय सांसद श्री सुधीर गुप्ता एवं मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सकलेचा की उपस्थिति में संपन्न होगा उक्त आशय की जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद जैन (भाया बगड़ा) ने बताया कि विकास कार्यों की श्रृंखला में नगर को दो बड़ी उपलब्धियां मिल रही है। जिसमें नगर के वार्ड क्रमांक 14 में 35 लाख की लागत से नवनिर्मित डॉ भीमराव अंबेडकर उद्यान और 4 करोड़ 13 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नगर परिषद के नवीन कार्यालय भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक ओमप्रकाश सकलेचा विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी मंडल महामंत्री पारस जैन ओंकारलाल धाकड़ नगर भाजपा अध्यक्ष लोकेश पटवा व भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयो नगर के गणमान्य नागरिकों निकाय के पार्षदगणों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा गांव चलो अभियान में सीधे किसानों से जुड़े, जनसंवाद किया

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा ने गांव चलो अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीणों एवं किसानों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान वे ग्राम मुंदडी, सिंदपन, ढाबला चौपाटी, दौरवाडा, बादपुर सहित कई गांवों में पहुंचे।



उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जाएगा। इससे किसानों को न केवल सिंचाई सुविधा मिलेगी बल्कि बिजली की समस्या से भी राहत मिलेगी। चंबल नदी का पानी सीधे खेतों तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें सम्मानजनक जीवन मिल सके। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि देश की मिट्टी से जुड़े उत्पादों को अपनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से गांव की स्वच्छता बनाए रखने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का आह्वान किया, ताकि वे भविष्य में देश का नाम रोशन कर सकें। सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी विकास की यह गति जारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला योजना समिति सदस्य श्री राजेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए उडन दस्ता गठित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में 20 अप्रेल 2026 को अक्षय तृतीया को दृष्टिगत रखते हुए नीमच जिले में होने वाले संभावित बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत हुए प्रत्येक बाल विवाह रोकथाम के लिए उडन दस्ता गठित किया गया है। कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा द्वारा गठित उड़ान दस्ते में सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जनपद सीईओ, सीएमओं , परियोजना अधिकारी सीएमओं, थाना प्रभारियों को शामिल किया गया है । यह उड़नदस्ता बाल विवाह रोकथाम हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। आंगनवाडी स्तर पर 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक की सूची तैयार करेंगे । जिला एवं खंड स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर कार्यशाला का आयोजन करेगे। विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं जैसे प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटर्स, धर्मगुरु, बैंडवाला, ट्रांसपोर्ट एवं समाज के गुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कार्यशाला के माध्यम से संवेदीकरण कर बाल विवाह में अपनी सेवाएं न देने की अपील की जावेगी। सुझावात्मक गतिविधिया में हेल्पलाईन 181, 1098, 112 का प्रचार-प्रसार स्कूली बच्चों, आंगनवाडी के बच्चों, सभी शासकीय कॉलेज / स्कूलों में बाल विवाह रोकथाम की रैली का आयोजन, सभी ग्राम पंचायत के पंच-सरपंच सचिव बाल विवाह न होने देने की शपथ लेंगे और यह शपथ पंचायत में जगह-जगह चस्पा करेंगे। बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित दल व्दारा बाल विवाह पर निगरानी रखी जायेगी। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कार्यवाही की जायेंगी।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा का वीर श्री राणा पूंजा भील का छायाचित्र भेंट कर किया सम्मानित



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्रामीण दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को महान आदिवासी वीर श्री राणा पूंजा भील का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही मंदसौर स्थित राणा पूंजा भील चौराहा के नामकरण में हो रही देरी का मुद्दा प्रमुख रूप से रखा गया। जिस पर डिप्टी सीएम द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही चौराहे का नामकरण किया जाएगा। इस अवसर पर उज्जैन संभाग अध्यक्ष संजय खराड़ी, जयस जिला अध्यक्ष राजु खराड़ी, जयस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र बुज, जिला प्रचारक समरथ खेर, सदस्य हुसैनलाल तावेड एवं गांव के आदिवासी वरिष्ठजन एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। बता दें कि यह पहल समाज के सम्मान, अधिकार और पहचान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## यशोधर्मन थाना पुलिस ने तेज आवाज वाले दो डीजे वाहन किए जब्त

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** यशोधर्मन थाना पुलिस ने तेज आवाज वाले दो डीजे वाहन जब्त किए हैं। घटना अनुसार 11 अप्रैल को रात्री गश्त के दौरान मनोकामना रिसोर्ट के सामने वाली साईड पर जग्गाखेडी में जहा दो डीजे पिकअप वाहन बिना अनुमति के शादी में जोरङ्कजोर से बजा रहे थे। जिस संबंध में शादी आयोजक से डीजे बजाने की अनुमति के संबंध में पुछा तो कोई वैध दस्तावेज नही प्रस्तुत करने पर दोनो डीजे महिन्द्रा पिकअप को जप्त कर धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक शिवांशु मालवीय थाना यशोधर्मन नगर व उनकी पुलिस टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# महिला सेन समाज की जिला एवं तहसील कार्यकारिणी घोषित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला सेन समाज संगठन के तत्वाधान में आयोजित भादवामाता में बैठक के दौरान, जिला सेन समाज संगठन नीमच के जिला अध्यक्ष श्री सुखलाल जी सेन तारापुर, जिला युवा अध्यक्ष श्री चमन जी सेन नीमच और जिला महिला सेन समाज संगठन जिलाध्यक्ष प्रेमलता रामप्रसाद जी गेहलोद मनासा के अनुमोदन से, जिला महिला सेन समाज संगठन नीमच के सभी तहसील महिला सेन समाज संगठन अध्यक्ष इसके साथ ही जिला महिला संगठन कार्यकारिणी घोषित की गई है।



### तहसील अध्यक्ष सूची

1. नीमच - प्रियंका दिनेश जी देवडा नीमच
2. मनासा - कुसुम-पंकज जी सेन पड़दा
3. जावद - ललिता राजेश जी अठाना
4. रामपुरा - सुनीता राकेश जी चौहान रामपुरा
5. जीरन - सरोज रमेशचन्द्र जी सेन लांछ
6. सिंगोली - कु. सुप्रिया पिता पारसमल जी सेन ताल

### जिला महिला सेन समाज संगठन कार्यकारिणी

**संरक्षक-**
- प्रभावती- मांगीलाल जी राठौर, मनासा
- प्रभादेवी-श्याम जी टांकवाल, नीमच
- अनिता-करण कुमार जी टांक, नीमच

**संयोजक-**
- स्नेहलता - बाबूलाल जी देवडा, नीमच

**उपाध्यक्ष-**
- रीना- भगवतीप्रसाद जी देवडा, जवासा
- ज्योति दीपक जी गेहलोद, मनासा
- अनिता-समरथ जी सेन, पालसोडा
- राजश्री कन्हैयालाल वत्ता, रामपुरा
- सुशीला - विजय जी भाटी, रतनगढ
- प्राची भरत जी सिसोदिया, दडोली

**जिला सचिव-**
- संध्या- आशीष जी गेहलोद, नीमच

**जिला कोषाध्यक्ष-**
- ज्योति- दशरथजी बनभैरव, मनासा

**सह कोषाध्यक्ष-**
- अनिता राजेश जी सौलंकी, कुकडेश्वर

**जिला महामंत्री-**
- उषा - दिनेश जी राठौर, मनासा

**संगठन मंत्री-**
- संतोष-मनोहर जी सेन, ढाकनी
- सीमादेवी प्रकाशचन्द्रजी सेन, जावद
- सोनूदेवी-ओमप्रकाश जी सेन, सिंगोली,श्रीमति लीलाबाई ओमप्रकाश जी सिंगोली, श्री मती माया दशरथ जी सेन चीताखेडा, लीला बाई शिवनारायण जी गेहलोद रामपुरा, हेमलता दिनेश जी टांकवाल मनासा, श्री मती विनीता हरिश जी चांगल नीमच,

**जिला प्रचार मंत्री-**
- पूजा- शिवम जी सेन, चुकनी
- संगीतादेवी-शिव जी चांगल, नीमच

**विधि सलाहकार-**
- रानू पिता विजय जी अटल, नीमच

### विशेष आमंत्रित सदस्य

- विद्यादेवी प्रवीण जी गेहलोद, मनासा
- समता-रमन जी गेहलोद, नीमच
- संगीता-नितिन जी राठौर, डीकेन
- निर्मलादेवी महेन्द्रजी चौहान, नीमच
- माया-मनीष जी राठौर, कनावटी

### कार्यकारिणी सदस्य

- शारदा लोकेश जी देवडा, नीमच
- श्री मती सपना विनोद जी गेहलोद नीमच
- चंदाबाई घनश्यामजी सेन, डीकेन
- कल्पना-प्रकाशजी चौहान, जावद
- किर्तीबाला-भावेश जी गेहलोद, जयसिंगपुरा
- दुर्गादेवी निलेश जी सेन, सिंगोली
- चंदाबाई-बबलू जी सेन, कांकरीयातलाई
- टिंकल प्रदीप जी सेन, झांतला
- मंजू - गौरीशंकर जी सेन, तलाऊ
- किरण अनुराग जी खिंची, रामपुरा
- रेणु-विकास जी सेन, महुडिया
- ज्योति राकेश जी सेन, लखमी
- शानू - अरुण जी सेन, बमोरा
- राजश्री पंकज जी राठौर, डीकेन
- ममता - पुरालाल जी सेन, सिंगाडिया पिपल्या
- सम्पतबाई-कैलाशजी गेहलोद, ऑत्री माताजी
- शीला घनश्याम जी परिहार, बनी
- गायत्री जगदीश जी बोराना, मनासा
- अनिता रमेश जी डाबी, भरभडिया
- रजनी-पप्पु जी सौलंकी, कंजार्ड
- विमला पवन जी सेन, नीमच
- सोनिया-मनीष जी गेहलोद, नीमच

उपरोक्त जानकारी जिला प्रचार मंत्री पूजा-शिवम सेन चुकनी द्वारा दी गई।

## पॉलिथीन उपयोग वाली दुकानों पर नपा की कार्यवाही

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर शनिवार 11 अप्रैल को स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक के नेतृत्व में स्वच्छता निरीक्षको की टीम ने लायंस चौराहा से भारत माता चौराहा तक अमानक पॉलिथीन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 14 दुकानों से लगभग 40 किलो पॉलिथीन जप्त की एवं 14 चालान बनाकर 14 हजार 500रूपये अर्थ दंड वसूला। शनिवार शाम 5ः00 बजे करीब नगर पालिका नीमच के स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक ने स्वच्छता निरीक्षक भेरूलाल अहीर, भारत सिंह भारद्वाज, गोपाल नरवाले, अविनाश घेँघट एवं ऋषि कलोसिया के साथ लायंस चौराहा से अमानक पॉलिथीन के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ की। प्रथम दिन यह कार्यवाही भारत माता चौराहा तक चली और कार्यवाही के दौरान मिठाई दुकानों, आइसक्रीम दुकानों, खाद्य पदार्थ व व किराना दुकानों सहित 14 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 40 किलो पॉलिथीन जप्त कर चालानी कार्रवाई करते हुए 14500 रुपए जुर्माना वसूला एवं दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने एवं ग्राहकों को कागज या कपड़े की थैली में ही वस्तुएं प्रदान करने की समझाइश दी।

## बांछड़ा समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार एवं बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए- श्री सिंह

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह ने शनिवार को सर्किट हाउस नीमच पर कलेक्टर एवं एसपी तथा अन्य अधिकारियों की बैठक में कहा, कि बाछड़ा समुदाय के युवाओं को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही इस समुदाय के बच्चों को शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए जिससे कि वे पढ़ लिख कर,समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके।

उन्होंने कलेक्टर एवं एसपी से जिले में मानवाधिकारों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य आम जनों के मानवअधिकारों का संरक्षण करना है।

बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी- मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह ने बैठक में अधिकारियों से चर्चा में कहा कि समाज में और समुदाय विशेष में यदि बाल विवाह होते हैं तो उनकी रोकथाम के लिए समाज एवं समुदाय विशेष के लोगों में व्यापक जन जागरूकता के प्रयास किया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच जिले में बांछड़ा समुदाय के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाए जा रहे पंख अभियान की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले में नगरीय निकायों और जलनिगम , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ और साफ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह ने जिला प्रशासन नीमच द्वारा संचालित किया जा रहे पंख अभियान नीमच को सराहनीय पहल बताया।

कलेक्टर ने आयोग के अध्यक्ष को अवगत कराया कि नीमच जिले में नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गांधी सागर से हर घर नल से जल योजना का कार्य तेजी से चल रहा है और शीघ्र ही जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।

# सम्पादकीय

## आसान नहीं होता युद्ध खत्म करना

वियतनाम युद्ध में हुई किरकिरी से सबक लेते हुए जब अमेरिकी सेनाएं 1991 के खाड़ी युद्ध में उतरीं तो उन्होंने थल, नभ एवं जल सेना के ऐसे अभूतपूर्व समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया कि चंद दिनों में ही युद्ध का निर्णायक फैसला हो गया। आपरेशन डेजर्ट स्टार्म नाम से चला वह अभियान अमेरिका की बड़ी सैन्य सफलताओं में से एक माना जाता है।

हालांकि उसके कुछ साल बाद ही अफगानिस्तान में अमेरिका का आतंक विरोधी अभियान इतना लंबा खिंचा कि उसे कभी न समाप्त होने वाले 'अंतहीन युद्ध' की संज्ञा मिलने लगी। अमेरिकी सेना के सबसे लंबे अभियान के रूप में दर्ज हुए इस अभियान के विषय में यह भी कहा जा सकता है कि अमेरिका को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, क्योंकि तालिबान फिर से अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गए।

इसी तरह रूस ने भी यूक्रेन पर इसी धारणा के साथ हमला किया कि कुछ ही दिनों में वह हथियार डाल देगा, लेकिन वह लड़ाई अभी तक जारी है। अक्टूबर 2023 में जब हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा को निशाना बनाया तो यही माना गया था कि थोड़े समय में ही यह लड़ाई थम जाएगी, मगर उस लड़ाई का दायरा बढ़कर लेबनान, सीरिया और यमन तक विस्तारित होता गया। हालांकि जनवरी में वहां एक युद्धविराम की स्थिति तो बनी, लेकिन वहां भीषण मानवीय आपदा की स्थिति को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

ईरान युद्ध का उदाहरण लें तो उसकी शुरुआत भी संभवतः इसी विचार के साथ हुई हो कि जल्द ही इसका परिणाम सामने आ जाएगा। शुरुआती दौर में ही शीर्ष नेता अयातुल्ला खामेनेई की हत्या इसी धारणा के अनुरूप थी कि इससे शासन परिवर्तन में आसानी होगी। हालांकि खामेनेई की मौत ने शासन परिवर्तन के बजाय ईरानियों को और एकजुट करने का ही काम किया।

शासन पर पहले जो दबाव महसूस हो रहा था, वह भी छिन्न-भिन्न हो गया। फिर लड़ाई लंबे दौर में दाखिल हो गई और पूरी दुनिया उसकी तपिश महसूस करने लगी। इतिहास पर दृष्टि डालें तो यूरोपीय सैन्य नेतृत्व ने 1914 की गर्मियों में यह सोचकर युद्ध छेड़ा कि क्रिसमस तक लड़ाई थम जाएगी, मगर हुआ इसका उलटा और यह जंग नवंबर 1918 तक जारी रही।

जर्मनी ने बख्तरबंद सेना और वायुसेना के घातक उपयोग वाली ब्लिट्जक्रेग यानी बिजली की चपलता वाली रणनीति के जरिये 1940 में पश्चिमी यूरोप के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया, लेकिन यह शुरुआती सफलता भी अंततः उसे जीत नहीं दिला पाई। सोवियत संघ के साथ जर्मनी 1941 में ऐसे विध्वंसक एवं अंतहीन युद्ध में उलझा, जिसमें दोनों खेमों को ही भारी क्षति पहुंची, लेकिन इसका परिणाम जर्मनी के विभाजन के रूप में निकला। देखा जाए तो दोनों विश्व युद्धों में जीत की कुंजी वास्तविक सैन्य शक्ति से अधिक धैर्य और लंबे समय तक संघर्ष में टिके रहने की क्षमता में निहित थी। इसी क्रम में कोरियाई युद्ध तीन वर्षों से अधिक समय तक चला और अमेरिकी सैनिक वियतनाम में एक दशक से भी अधिक समय तक तैनात रहे। हालांकि इस सबका यह अर्थ नहीं कि आधुनिक सशस्त्र संघर्षों का निर्णय तत्काल नहीं हो पाता।

जून 1967 में इजरायल ने एक सप्ताह के भीतर ही अरब देशों के गठबंधन को धूल चटा दी थी। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए हुए 1971 के युद्ध में भी भारत ने मात्र 13 दिनों की लड़ाई में ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था। गत वर्ष आपरेशन सिंदूर में भारत की करीब 88 घंटों की जोरदार कार्रवाई के बाद ही पाकिस्तान संघर्षविराम की गुहार लगाने लगा था।

सैन्य रणनीतियों में संक्षिप्त स्वरूप में तीव्र प्रहार और एकाएक किए हमलों के जरिये जीत की अपनी महत्ता रही है, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जो सेनाएं इस भरोसे के साथ रणभूमि में उतरीं, उन्हें यह अनुभूति भी हुई कि किसी भी युद्ध को अपेक्षित समय में संतोषजनक परिणामों के साथ समाप्त करना कितनी टेढ़ी खीर साबित हुआ।

संक्षिप्त युद्ध की रणनीति मुख्य रूप से प्रतिद्वंद्वी को एकाएक हमले से चौंकाने पर टिकी होती है। इसमें पूरी ताकत से ऐसे हमलों पर जोर होता है कि दुश्मन को संभलने का कोई मौका ही न मिले और उस पर निर्णायक बढ़त बनाई जाए। यह भी स्मरण रखना होगा कि छोटे युद्ध उन संसाधनों के दम पर लड़े जाते हैं जो उस समय उपलब्ध होते हैं, लेकिन लंबे खिंचने वाले युद्धों के लिए उन क्षमताओं को विकसित करना पड़ता है, जो निरंतर बदलती युद्ध स्थितियों के अनुरूप उपयोगी साबित हो सकें।

संक्षिप्त युद्ध अर्थव्यवस्था और समाज के लिए अस्थायी व्यवधान पैदा करते हैं और इनमें व्यापक आपूर्ति श्रृंखला की भी खास दरकार नहीं होती। जबकि लंबे खिंचने वाले युद्धों में ऐसी रणनीतियां आवश्यक हो जाती हैं, जो जनता का मनोबल और समर्थन बनाए रख सके।

ईरान युद्ध में अमेरिका और इजरायल का सामना एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी से हुआ, जो न केवल उसके हमलों को झेल रहा था, बल्कि उनका तत्परता से जवाब भी दे रहा था।

इस दौरान ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करके उसे एक आर्थिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। तमाम युद्धों की तरह ईरान युद्ध भी इसी पहलू को रेखांकित करने वाला साबित हुआ है कि अधिकांश युद्धों की शुरुआत इस धारणा से होती है कि वे संक्षिप्त होंगे, पर इससे कहीं अधिक कठिन निर्णय यह होता है कि लड़ाई को कब और कैसे समाप्त किया जाए।

## आत्मविश्वासी व संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण करता है सहजयोग



मनुष्य में शारीरिक शक्ति प्रबल हो या नहीं आत्मविश्वास की शक्ति से वह जीवन में कई उंचाईयों को प्राप्त कर लेता है। शारीरिक रूप से पूर्णतया सक्षम व्यक्ति भी कई बार आत्मविश्वास की कमी के कारण जीवन? में पिछड़ जाता है। आत्मविश्वास की शक्ति ही बड़े से बड़ा कार्य करवा लेती है। कई बार हमनें देखा है कि बड़ी से बड़ी बीमारी से जूझता रोगी भी अपने आत्मविश्वास के बल पर बीमारी पर विजय पा लेता है।

आत्मविश्वास से ही कार्यशक्ति बढ़ती है और अद्भुत कार्य होते हैं। परंतु हमारे अंदर आत्मविश्वास है या नहीं यह हम कैसे जाने, यह एक सहज प्रश्न है। दरअसल हमें अपने आत्मविश्वास की आवाज स्वयं? ही सुननी पड़ती है। यदि हमें अपने अतंर में सदैव? व्याप्त आत्मविश्वास को समझना है, तो? हमें स्वयं को अंदर तक टटोलना होगा। इसके लिए ध्यान धारणा एक योग्य मार्ग है। गीता में? योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देकर उनका आत्मविश्वास जगाया था और अर्जुन ने एक साक्षी के रुप में पूरे महाभारत को देखते हुए युद्ध में अहम भूमिका निभाई।

जीवन में जो भी दुख, क्लेश और असफलताएं हैं, उसका कारण अविश्वास या आत्मविश्वास की कमी है। आत्मविश्वास यानि अपनी आत्मा पर विश्वास, हमारे अंदर के ईश्वर पर विश्वास। जिसे जागृत करने के बाद हम अपने अंदर ईश्वर के साक्षी बनते हैं, चैतन्य के माध्यम से अपनी शक्ति को महसूस करते है और यह अनुभूति हमें आत्मविश्वासी बनाती है। सहज योग ध्यान के माध्यम से हम अपने अंदर के ईश्वर को महसूस कर पाते हैं। कई गुणों को जागृत कर एक सफल जीवन का आशीर्वाद पाते हैं।

# नया भारत, नई संसदः जहां निर्णयों में नारी दृष्टि होगी केंद्र में

इतिहास के पन्नों पर दर्ज होने को तैयार एक नया अध्याय अब आकार ले रहा है, जहां भारतीय लोकतंत्र अपनी सबसे बड़ी कमी को सुधारने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। 8 अप्रैल 2026 को नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) में संशोधन को हरी झंडी मिलना महज़ एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना के पुनर्जागरण का संकेत है। 2029 के आम चुनाव के साथ ही जब यह व्यवस्था लागू होगी, तो लोकसभा का चेहरा पूरी तरह रूपांतरित नजर आएगा। यह बदलाव केवल सीटों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उस असंतुलन को खत्म करने का सशक्त प्रयास है, जिसने लंबे समय तक देश की आधी आबादी को सत्ता और निर्णय की मुख्य धारा से अलग-थलग रखा।

नवाचार और संतुलन के मेल से तैयार यह खाका बदलाव की सशक्त तस्वीर पेश करता है, जिसमें साहस के साथ संवेदनशीलता भी झलकती है। सबसे अहम बात यह है कि किसी मौजूदा सांसद की सीट छीने बिना महिलाओं के लिए व्यापक स्थान सुनिश्चित किया गया है। 543 से बढ़कर 816 सीटों तक का विस्तार केवल संख्या वृद्धि नहीं, बल्कि लोकतंत्र के दायरे को व्यापक बनाने की पहल है, जहां '50+33' का फार्मूला दूरदर्शी समाधान बनकर उभरता है। एक-तिहाई यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, और यह प्रक्रिया 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन से लागू होगी। अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को भी उनके हिस्से में भागीदारी देकर इस बदलाव को सामाजिक न्याय से जोड़ा गया है, जिससे यह पहल राजनीतिक बदलाव के साथ व्यापक सामाजिक परिवर्तन का आधार बनती है।

जब आंकड़े ही बदलाव की आवाज बन जाएं, तो सियासत की दिशा बदलना तय हो जाता है—और यही तस्वीर 2029 में उभरने वाली है, जब संसद में हर तीसरी आवाज महिला की होगी। आज जहां महिलाओं की मौजूदगी सीमित है, वहीं यह उछाल केवल संख्या का विस्तार नहीं, बल्कि सोच, सरोकार और फैसलों के तरीके में गहरा बदलाव लाएगा। बहसों की दिशा बदलेगी, प्राथमिकताएं नए सिरे से तय होंगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी बनेगी। अब तक किनारे पर पड़े मुद्दे—जैसे महिला सुरक्षा, पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य—नीति के केंद्र में आ जाएंगे। संसद का स्वर अधिक संतुलित, संवेदनशील और विविधतापूर्ण होगा, जहां नीतियां आंकड़ों से आगे बढ़कर जीवन के वास्तविक अनुभवों की जमीन पर आकार लेंगी।

नीति निर्माण की धुरी अब केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज की वास्तविक पीड़ा और जरूरतों को केंद्र में रखकर घूमेगी। यह परिवर्तन एक ऐसी संवेदनशीलता को जन्म देगा, जहां कानून सीधे लोगों के जीवन से संवाद करते नजर आएंगे। मातृ स्वास्थ्य से लेकर बालिका शिक्षा और कार्यस्थल पर सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में ठोस और प्रभावी पहल का विस्तार होगा। जो समस्याएं अब तक ग्रामीण महिलाओं के हिस्से में चुपचाप सिमटी रहती थीं, वे अब नीतियों की आधारशिला बनेंगी। इसके परिणामस्वरूप योजनाओं का स्वरूप ही नहीं बदलेगा, बल्कि उनके क्रियान्वयन में भी गति, जवाबदेही और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

सियासी गलियारों में अब जीत की गणित से आगे बढ़कर नेतृत्व की गुणवत्ता की कसौटी तय होने वाली है, क्योंकि राजनीतिक दलों के सामने केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि सक्षम महिला नेतृत्व गढ़ना भी अनिवार्य बन जाएगा। उम्मीदवारों के चयन से लेकर उनके प्रशिक्षण और संसदीय कौशल को निखारने तक, हर स्तर पर गंभीरता बढ़ेगी। बीजेपी, कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच महिला उम्मीदवारों को लेकर प्रतिस्पर्धा तेज होगी, जिससे राजनीति में गुणवत्ता और जवाबदेही का स्तर स्वाभाविक रूप से ऊंचा उठेगा। यह परिवर्तन नई पीढ़ी की महिलाओं के लिए राजनीति के द्वार खोलेगा, जो अपने साथ नई दृष्टि, आत्मविश्वास और ऊर्जा लेकर सार्वजनिक जीवन में कदम रखेंगी।

जब निर्णय की मेज पर तस्वीर बदलती है, तो समाज का चेहरा भी बदलना तय हो जाता है—और यही असर इस परिवर्तन का होगा। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि परिवार, शिक्षा और रोजगार जैसे हर क्षेत्र में नई दिशा तय करेगी। गांवों और शहरों में बेटियों के सपनों को नई ऊंचाई मिलेगी और उनके भीतर यह विश्वास मजबूत होगा कि वे भी देश के सर्वोच्च मंच तक अपनी पहचान बना सकती हैं। लंबे समय से जकड़ी पितृसत्तात्मक सोच धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगी और उसकी जगह समानता, सम्मान और संतुलन पर आधारित नया सामाजिक ढांचा मजबूती से उभरकर सामने आएगा।

परिवर्तन जितना विराट होता है, उसकी परीक्षा भी उतनी ही कठोर होती है—और यही चुनौती इस ऐतिहासिक कदम के साथ सामने आएगी। इतनी बड़ी संख्या में नई महिला सांसदों को प्रभावशाली और सक्षम नेतृत्व में ढालना आसान नहीं होगा। इसके लिए संसदीय प्रक्रियाओं की गहरी समझ, सटीक संवाद कौशल और मजबूत राजनीतिक रणनीति का विकास अनिवार्य होगा। साथ ही सुरक्षा, पर्याप्त संसाधन और सशक्त सहयोगी तंत्र सुनिश्चित करना भी जरूरी है, ताकि ये प्रतिनिधि पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा सकें। यदि इन पहलुओं पर गंभीरता और दूरदर्शिता के साथ काम किया गया, तो यह बदलाव केवल प्रतीक बनकर नहीं रहेगा, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में स्थायी और प्रभावशाली परिवर्तन की नींव रखेगा।

लोकतांत्रिक परिवर्तन की यह यात्रा अब अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच चुकी है, जहां 2029 की लोकसभा भारत के इतिहास में एक स्वर्णिम और निर्णायक अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रही है। यहां प्रतिनिधित्व केवल आंकड़ों का संतुलन नहीं रहेगा, बल्कि न्याय, समानता और वास्तविक भागीदारी की सशक्त चेतना बनकर उभरेगा। यह वह ऐतिहासिक क्षण होगा जब देश अपनी आधी आबादी को निर्णय निर्माण की पूर्ण शक्ति और अवसर प्रदान करेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक समावेशी, संवेदनशील और सशक्त स्वरूप ग्रहण करेगा। महिला आरक्षण कानून अब केवल एक विधायी व्यवस्था नहीं, बल्कि उस नए भारत का स्पष्ट और अटल संदेश बन चुका है, जो समानता, सहभागिता और प्रगति के पथ पर दृढ़ आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

**-प्रो. आरके जैन**

## शिक्षित,आत्मनिर्भर नारियां राष्ट्र की संस्कृति,संस्कारों की सशक्त संवाहिका

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई हैद्य वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं।वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है कि बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है।

**-संजीव ठाकुर**

# क्या हम बना पाए डॉ. अंबेडकर के सपनों का न्यायपूर्ण भारत?

नीले आकाश में लहराते झंडे, सड़कों पर उमड़ती भीड़ और स्मारकों पर पुष्पांजलि—हर वर्ष अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) का यह दृश्य राष्ट्रीय चेतना का उत्सव बन जाता है। लेकिन इस उत्सव के बीच एक गहरा प्रश्न खड़ा रहता है। क्या हम सच में उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समानता, न्याय और सम्मान के आधार पर देखा था? आज विकास और तकनीक की प्रगति के बावजूद समाज में असमानता और अवसरों की दूरी क्यों बनी हुई है? यह विरोधाभास हमारी सामाजिक सच्चाई को उजागर करता है। अंबेडकर जयंती हमें श्रद्धांजलि से आगे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है—संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि एक जीवित सामाजिक संकल्प है, जिसे हर पीढ़ी को अपने आचरण से साकार करना होता है। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, ज्ञान और आत्मसम्मान की एक प्रेरक गाथा है। ऐसे समाज में जन्म लेकर जहाँ पहचान जन्म से तय होती थी, उन्होंने शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी शक्ति बनाया। देश-विदेश के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर उन्होंने साबित किया कि प्रतिभा किसी जाति या वर्ग की सीमाओं में बंधी नहीं होती। उनका संघर्ष केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं था, बल्कि पूरी व्यवस्था को चुनौती देने वाली बौद्धिक क्रांति था। उन्होंने जाति व्यवस्था को सामाजिक ढाँचे से अधिक मानव गरिमा पर आघात माना। आज भी आधुनिकता के इस दौर में भेदभाव के सूक्ष्म रूप उनके संघर्ष की याद दिलाते हैं। उनका जीवन स्पष्ट करता है कि परिवर्तन की शुरुआत विचारों से होती है, सुविधाओं से नहीं।

अंबेडकर का सबसे बड़ा योगदान भारतीय संविधान के निर्माण में उनके दूरदर्शी विचार हैं। वे केवल कानून निर्माता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के शिल्पकार थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक लोकतंत्र तब तक अर्थहीन है जब तक सामाजिक लोकतंत्र स्थापित न हो। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व केवल शब्द नहीं, बल्कि संतुलित समाज की नींव हैं। आज के भारत में डिजिटल क्रांति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच यह जरूरी है कि विकास का लाभ हर वर्ग तक समान रूप से पहुँचे। यदि सामाजिक असमानता बनी रहती है, तो संविधान की आत्मा अधूरी रह जाती है। उनका यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 1950 में था।

शिक्षा को लेकर अंबेडकर की सोच अत्यंत क्रांतिकारी और दूरदर्शी थी। उनके अनुसार शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि चेतना का विस्तार है। वे मानते थे कि शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों को पहचान सकता है और अन्याय का विरोध कर सकता है। आज जब भारत डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब भी ग्रामीण और वंचित वर्ग की शिक्षा की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। शिक्षा का असमान वितरण उनके सपनों के भारत की राह में बड़ी बाधा है। उनका संदेश शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो÷ आज भी युवाओं के लिए केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन दर्शन होना चाहिए। शिक्षा ही वह शक्ति है जो अंधकार को प्रकाश में बदल सकती है।

महिलाओं के अधिकारों पर अंबेडकर का दृष्टिकोण अत्यंत प्रगतिशील था। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति, विवाह और तलाक जैसे अधिकार दिलाने की मजबूत पैरवी की। उनका मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति तब तक संभव नहीं जब तक उसकी आधी आबादी स्वतंत्र और सशक्त न हो। आज महिला सशक्तिकरण, समान वेतन और नेतृत्व में भागीदारी की बात होती है, जिससे स्पष्ट है कि अंबेडकर का दृष्टिकोण समय से आगे था। उन्होंने श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए भी लगातार संघर्ष किया। उनका विचार था कि हर व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन और सम्मानजनक रोजगार मिलना चाहिए। यह सोच आज के आर्थिक विकास मॉडल को अधिक मानवीय बनाती है।

अंबेडकर ने सामाजिक न्याय को लोकतंत्र की आत्मा माना। उनके अनुसार समाज तब तक स्वस्थ नहीं हो सकता जब तक उसमें समान अवसर और सम्मान का भाव न हो। जाति आधारित असमानता को उन्होंने ग्रेडेड इनइक्वालिटी (स्तरबद्ध असमानता) कहा, जो समाज को भीतर से कमजोर करती है। आज के भारत में विविधता को शक्ति के रूप में स्वीकार करने का प्रयास उनके विचारों की आधुनिक व्याख्या है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह विविधता वास्तव में समानता में बदल पाई है? आज भी कई स्तरों पर भेदभाव और अवसरों की असमानता दिखाई देती है। अंबेडकर का संदेश स्पष्ट है—सच्चा लोकतंत्र वही है जहाँ अंतिम व्यक्ति भी समान अधिकारों के साथ खड़ा हो सके।

आज के भारत में जब हम वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर रहे हैं, तब अंबेडकर की विरासत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव तभी सार्थक हैं जब आंतरिक समाज मजबूत और समान हो। उनका दृष्टिकोण केवल राजनीतिक सुधार तक सीमित नहीं था, बल्कि एक नैतिक समाज की स्थापना का था। युवाओं के लिए उनका संदेश आज भी मार्गदर्शक है कि परिवर्तन केवल नीतियों से नहीं, बल्कि सोच से आता है। यदि नई पीढ़ी उनके विचारों को अपनाए, तो सामाजिक विभाजन कम किया जा सकता है। उनका सपना एक ऐसे भारत का था जहाँ हर व्यक्ति सम्मान और अवसर के साथ आगे बढ़ सके।

अंबेडकर जयंती इतिहास को दोहराने का नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने का क्षण है। यह केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आत्मचेतना को जगाने वाली पुकार है। यह हमें कठघरे में खड़ा करता है—क्या हम उस भारत की रचना कर पा रहे हैं, जिसका स्वप्न समानता और न्याय पर आधारित था, या फिर हम केवल औपचारिक श्रद्धांजलि में उलझे हुए हैं? 2026 का भारत प्रगति की तेज धारा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन इस धारा को सभी तक समान रूप से पहुँचाना अभी भी सबसे बड़ी परीक्षा है। अंबेडकर का संदेश आज भी उतना ही तीखा और स्पष्ट है—समानता ही स्वतंत्रता की असली शर्त है। यदि उनके विचार केवल स्मृति नहीं, बल्कि व्यवहार बन जाएँ, तो एक न्यायपूर्ण और सशक्त भारत कोई सपना नहीं रहेगा, बल्कि वास्तविकता बन जाएगा।

**-कृति आरके जैन**

# राजनीतिक दृढ़ता का अप्रतिम उदाहरण



एक समय जिस माओवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक के रूप में देखा जाता था, उससे देश को अब मुक्ति मिल गई है। इस मुक्ति में माओवाद के सफाए से जुड़े मोदी सरकार के संकल्प की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा माओवाद विरोधी नीतियों के सक्षम क्रियान्वयन के दम पर देश इस चुनौती से पार पाने में सफल हो सका है। याद रहे कि 2014 में जब मोदी प्रधानमंत्री बने तब 126 जिले माओवाद से प्रभावित थे।

इनमें से 36 में तो माओवादियों की तूती बोलती थी। अब माओवाद की बची-खुची जड़ें केवल दो जिलों तक सिमटकर रह गई हैं और उनके वर्चस्व वाले जिलों की संख्या शून्य हो गई। माओवादी हिंसा देश की जड़ों को खोखला कर रही थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों और संबंधित राज्यों के पुलिस बल की एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित रणनीति से ही माओवाद की समाप्ति में सफलता मिल सकी। निश्चित रूप से यह मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

बीते दिनों गृहमंत्री अमित शाह ने संसद को इस सफलता के विषय में सूचित भी किया। उन्होंने सदन में बताया कि 2014 से अब तक 4,839 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। जबकि 2,218 गिरफ्तार किए गए और 706 माआवोदी विभिन्न अभियानों में मार गिराए गए। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में राज्य की बढ़ती पैठ का एक प्रमाण यह है कि इस दौरान वहां 596 पुलिस थाने मजबूत किले में तब्दील हो गए तो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के 406 नए कैंप भी स्थापित किए गए।

रात्रि में भी अभियान छेड़ने के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिनमें ऐसी सुविधा वाले 68 हैलीपैड भी शामिल हैं, जहां रात को भी लैंडिंग संभव थी। माओवाद के विरुद्ध मिली उल्लेखनीय सफलता यह सोचने पर भी विवश करती है कि करीब 12 करोड़ की आबादी वाले हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली माओवादी हिंसा से निपटने में पूर्व की सरकारें क्यों विफल रहीं? इसका स्पष्ट उत्तर निकलेगा और वह है दृढ़ता की कमी और राजनीतिक मजबूरियां।

दूसरे शब्दों में कहें तो नीयत साफ नहीं थी। देश में माओवाद की जड़ें इंदिरा गांधी के शासन में पनपनी शुरू हुईं। 1969 में कांग्रेस में विभाजन के बाद इंदिरा गांधी को अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए वामपंथी दलों के सहारे की जरूरत थी। इस सहारे के बदले में कांग्रेस सरकार ने वामपंथियों और उनके वैचारिक सहोदरों माओवादियों के प्रति नरम रुख अपनाया।

कांग्रेस ने स्वयं को प्रगतिशील दिखाने के लिए भी माओवादियों पर सख्ती नहीं की। जबकि माओवाद मध्य भारत में अपना विस्तार करते हुए देश की जड़ों को दीमक की तरह खोखला कर रहा था। इसका ही परिणाम रहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, केरल, बंगाल, मध्य प्रदेश, आंध्र और तेलंगाना जैसे राज्यों में फैलते गए माओवाद से देश में लाल गलियारे की संकल्पनाएं तैरने लगीं।

माओवाद से निपटने के मामले में स्थितियां केंद्र में मोदी सरकार के बनने के बाद बदलीं। गृहमंत्री अमित शाह ने एक व्यापक, बहुआयामी दृष्टिकोण तैयार किया। पूर्व की सरकारें इस आधार पर भी विफल रहीं कि वे स्थानीय जनता को यह भरोसा दिलाने में सक्षम नहीं हो पाईं कि सरकार माओवाद की समाप्ति को लेकर गंभीर है। इसी कारण जनता में माओवादियों का खौफ बना रहा।

मोदी सरकार ने लोगों का यह नजरिया बदला। मोदी के शासनकाल में हालात बदलने लगे। मनमोहन सिंह के शासनकाल (2004-20014) के दौरान माओवाद प्रभावित जिलों में 16463 हिंसक घटनाएं हुईं, जबकि मोदी के शासनकाल (2014-2024) में यह संख्या घटकर 7744 रह गई।

मोदी सरकार ने बार-बार दोहराया कि 31 मार्च, 2026 तक माओवादियों का समूल नाश कर दिया जाएगा। यह घोषणा सरकार के प्रमुख चेहरे अमित शाह करते रहे। इससे पहले किसी भी भारतीय नेता ने इतने बड़े भौगोलिक क्षेत्र में फैली आंतरिक सुरक्षा संबंधी समस्या को समाप्त करने का ऐसा महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय नहीं किया था। यदि वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति में विफल रहे तो उसमें भी बड़ा राजनीतिक जोखिम था, लेकिन आत्मविश्वास से ओतप्रोत मोदी-शाह की जोड़ी अपनी दृढ़ता से इस लक्ष्य की पूर्ति को लेकर आश्वस्त थी।

एक ओर सरकार माओवादियों से निपटने में कोई नरमी नहीं बरत रही थी, तो दूसरी ओर माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास गतिविधियों को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही थी, ताकि जनता को समझ आए कि जब लोकतांत्रिक शासन अपने सही स्वरूप में सक्रिय हो तो उसके कितने सार्थक परिणाम सामने आते हैं। आक्रामक अभियान के चलते माओवादियों के शीर्ष कमांडर या तो मारे गए या फिर उन्होंने आत्मसमर्पण करने की राह चुनी। इससे कैडरों का हौसला भी प्रभावित हुआ।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार ने माओवादी हिंसा को कश्मीर घाटी और पूर्वोत्तर में अलगाववाद से भी बड़ी चुनौती बताया तो था, लेकिन उनकी सरकार ने इससे निपटने के लिए कारगर प्रयास नहीं किए। अब जब मोदी और शाह की जोड़ी ने माओवाद पर अंकुश लगाने में सफलता हासिल की है तो भी कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने इतनी गरिमा भी नहीं दिखाई कि वे सरकार के इन प्रयासों की सराहना कर सकें।

उलटे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में माओवादियों की सहभागिता की चर्चा हुई। शाह ने संसद में कहा कि राहुल गांधी को 2010 में ओडिशा और 2018 में हैदराबाद में माओवादियों और उनके समर्थकों के साथ मंच साझा करते देखा गया।

माओवादियों के प्रति राहुल के समर्थन का सबसे शर्मनाक वाकया तब सामने आया, जब उन्होंने माओवादी सरगना हिडमा के एनकाउंटर का विरोध कर रहे माओवादी समर्थकों का इंडिया गेट पर हुए प्रदर्शन में साथ दिया। याद रहे कि हिडमा के खून 170 से अधिक सुरक्षाकर्मियों के रक्त से सने हुए थे। नकारात्मकता में डूबे ये दल भले ही इस सफलता की सराहना करने में संकोच करें, पर देश मोदी-शाह की जोड़ी का आभारी रहेगा, जिसने देश को इस समस्या से मुक्ति दिलाई।

**-धनंजय राजौरा**

# जन्मदिन पर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के दरबार में उमड़ा जनसैलाब



## सुबह से देर रात तक लगा समर्थकों का मेला, सिविल लाइन रोड बना राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास-शाजापुर क्षेत्र के सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के जन्मदिन पर शुक्रवार को शहर में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म नजर आया। सिविल लाइन रोड स्थित उनके कार्यालय पर सुबह से ही समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो देर रात तक थमने का नाम नहीं ले रही थी। हालात यह रहे कि कार्यालय परिसर दिनभर जनदरबार में तब्दील रहा।

ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और फूल-मालाओं के साथ पहुंचे समर्थकों ने सांसद सोलंकी का जोरदार स्वागत किया। युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरे दिन विकास के सरताज और जन-जन के नेता जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा।

कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज सिंह चौहान, युवा ग्रामीण नेता श्रवण सिंह राजपूत और दुर्गेश सिंह खींची विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी नेताओं ने सांसद के नेतृत्व को क्षेत्र के विकास के लिए अहम बताया।

### भीड़ के बीच भी दिखी सादगी

हजारों लोगों की मौजूदगी और दिनभर की व्यस्तता के बावजूद सांसद सोलंकी की सादगी और सहजता भी खास चर्चा में रही। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं से एक-एक कर शांतिपूर्वक मुलाकात की और सभी से आत्मीयता के साथ संवाद किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सभी आगंतुकों से भोजन करने का आग्रह भी किया।

कार्यक्रम स्थल पर चाय-नाश्ता, भोजन सहित सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराई गई थीं। दूर-दराज से आए कार्यकर्ताओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए, जिससे हर व्यक्ति को सम्मान और अपनापन महसूस हुआ।

सांसद सोलंकी ने इस मौके पर कहा कि जनता का यह अपार स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। मैं क्षेत्र के विकास और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ताकत से काम करता रहूंगा।

# उपायुक्त ने वार्डो का दौरा कर सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम उपायुक्त वित्त दीपक पटेल द्वारा वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 9 में सड़कों की नियमित सफाई, बड़े नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के साथ उज्जैन रोड कमर्शियल एरिया एवं स्ट्रीट वेंडर जोन का निरीक्षण किया जिसमें फव्वारों,लिटरबिन रिपेयर हेतु संबंधित अधिकारियों व कर्मचारी को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक को उज्जैन रोड नाले की नियमित सफाई, खुले प्लाटों में कचरे पर नियंत्रण लगाए जाने तथा समयबद्ध कूडा उठाने हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिये साथ ही स्वच्छ भारत मिशन टीम को अतिक्रमण टीम के साथ अभियान चलाकर खुले प्लॉटों को चिह्नित कर अतिक्रमण मुक्त करने व कचरा मुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपायुक्त श्री पटेल के द्वारा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण कर सभी तैयारियों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

# सभी की समस्या का समाधान करने चलाई जा रही अतिक्रमण मुहिम

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में प्रशासन और नगरपालिका की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के बीच शुक्रवार रात व्यापारियों ने विधायक अरुण भीमावद से मुलाकात की और तीन दिनों से चल रही इस मुहिम को लेकर व्यापारियों ने अपनी बात रखी, जिस पर विधायक ने उन्हें शहर की बेहतरी का हवाला देते हुए समझाइश दी। विधायक भीमावद ने व्यापारियों को समझाया कि नई सड़क से आजाद चौक तक नाली के बाहर सामान रखने से रास्ते संकरे हो जाते हैं। इसकी वजह से हर दिन लगने वाले जाम से आम लोग तो परेशान हैं ही। साथ ही खुद व्यापारियों का धंधा भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसी समस्या को खत्म करने के लिए प्रशासन ने अस्थाई अतिक्रमण हटाने का फैसला लिया है ताकि हम सभी को सुलभ आवागमन मिले और व्यापार में भी उन्नति हो। उन्होंने व्यापारियों से भी आग्रह किया कि वे खुद आगे आकर नाली के आगे रखा अपना सामान हटा लें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि शहर में गाड़ियों के खड़े होने के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की जा रही है ताकि सड़कों पर भीड़ न बढ़े। व्यापारियों ने चर्चा के बाद बताया कि वे इसी कार्रवाई के सिलसिले में विधायक से मिले थे। चर्चा के बाद व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे अब खुद ही नाली के आगे से अपना अतिक्रमण हटा लेंगे। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि अगर व्यापारी खुद सहयोग कर रहे हैं, तो फिलहाल कार्रवाई को रोक दिया जाए।

# जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है कार्रवाई

## जिला परिवहन विभाग द्वारा 39 यात्री बसों पर कार्रवाई कर 1 लाख 2 हजार रुपए का लगाया जुर्माना




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बसों एवं अन्य वाहनों में कमी या अनियितमताएं पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि श्रीमती निशा चौहान के निर्देशन में स्लीपर बसों एवं यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जांच अभियान में स्लीपर बसों में शासन द्वारा तय सुरक्षा मानकों को जांचा गया, इस विशेष चेकिंग अभियान में बस चालक तथा यात्रियों के मध्य नियम विरुद्ध लगाए जाने वाले गेट को तत्काल मौके पर हटवाया गया, जांच में 8 बसों से गेट को हटवाया गया, इसी क्रम में आपातकालीन दरवाजों तथा खिड़की पर लगी सीटों को भी मौके पर ही हटवाया गया, आगजनी की घटनाओं के मद्देनजर अग्निशमन की जांच की गई, जांच टीम द्वारा सभी बस चालकों को 5-5 किलोग्राम के 2 या 10 किलोग्राम का 01 अग्निशमन बसों में लगवाने के लिए कहा गया, जिन बसों में आग बुझाने का यंत्र नहीं पाया गया, उन बसों पर सख्ती से चालानी कार्यवाही की गई, कुल 55 बसों की जांच की गई, जिसमें 39 बसों में कमी पाए जाने पर 01 लाख 2 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की गई, कमी पाई गई बसों को पूर्ति करने हेतु हिदायत दी जा रही है। आरटीओ की यह कार्यवाही अलसुबह 5 बजे से दोपहर तक चली। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि देवास जिले के सभी मार्गों पर चलने वाली स्लीपर बसों पर सुरक्षा मानकों की जांच का जा रही है, कमी पाए जाने वाली बसों पर नोटिस जारी कर पूर्ति करवाया जा रहा है तथा दस्तावेजों की जांच की जा रही है, यह चालानी एवं जांच की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# संभागायुक्त आशीष सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी एच.एस भारती को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त उज्जैन आशीष सिंह ने वित्तीय अनियमितता पाए जाने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत देवास जिला शिक्षा अधिकारी एच.एस भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा वित्तीय अनियितताएं किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी, जिस पर कलेक्टर देवास ऋतुराज सिंह द्वारा जांच टीम गठित की गई। जांच टीम द्वारा पाया गया कि जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा वित्तीय अनियमिताए की जा रही है। इस पर कलेक्टर देवास सिंह के प्रतिवेदन पर संभाग आयुक्त उज्जैन आशीष सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी देवास एच.एस भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उज्जैन रहेगा तथा निलंबन काल में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। अजय मिश्रा जिला परियोजना समन्वयक देवास शासन के आगामी आदेश / व्यवस्था होने तक जिला शिक्षा आधिकारी जिला देवास का कार्य भी संपादित करेगे।

# तीन दिन बाद राजस्थान से मिली अपहृत बालिका



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुनेरा पुलिस ने तीन दिन में अपहृत बालिका को ढूंढ निकाला। पुलिस ने बालिका की तलाश में जगह-जगह दबिश दी और कोटा (राजस्थान) से नाबालिग को बरामद कर लिया। पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जिसे जेल भेज दिया गया है।

शाजापुर जिले के थाना सुनेरा पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल 2026 को थाना सुनेरा क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका को ग्राम मझानिया निवासी आरोपी कान्हा द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की सूचना मिली थी।

इस पर पुलिस ने 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर गुना और राजस्थान तक दबिश दी गई। टीम ने कोटा (राजस्थान) से आरोपी और बालिका को 10 अप्रैल को बरामद किया।

# देवास के पीएनजी गैसीफाइड क्षेत्रों में अब पीएनजी कनेक्शन अनिवार्य

## 90 दिनों के भीतर एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने के निर्देश जारी

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्री दिनेश कुमार अहिरवार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी किये गये है कि, जिन रहवासी क्षेत्रो में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का नेटवर्क उपलब्ध है उस क्षेत्र के रहवासियों को 90 दिनों के भीतर अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर क्क्त्त कनेक्शन लेना होगा।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए घरेलू गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देवास नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि, पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) अपनाये। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पीएनजी गैस पाइप लाइन का विस्तार किया जा चुका है। जिन सोसायटियों एवं कॉलोनियों में पीएनजी सुविधा उपलब्ध है (गैसीफाइड एरिया), वहां के सभी रहवासियों से अपील की गई है कि वे शीघ्र ही एलपीजी गैस से पीएनजी में स्थानांतरित हो जाएं, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

शासन के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को 90 दिनों के भीतर अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। इस अवधि में गेल गैस लिमिटेड की वेबसाइट पर ऑनलाईन अथवा गेल गैस के देवास स्थित कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पीएनजी कनेक्शन प्राप्त किया जा सकता है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में शहर में लगभग 22 हजार पीएनजी कनेक्शन हैं तथा करीब 90 प्रतिशत क्षेत्र पीएनजी पाईप लाईन से का नेटवर्क (गैसीफाइड) स्थापित हो चुका है।

पीएनजी गैस के प्रमुख लाभ- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्राकृतिक गैस आधारित होने के कारण यह पर्यावरण के अनुकूल है तथा प्रदूषण को कम करती है। सिलेंडर बुकिंग की कोई आवश्यकता नहीं, न ही सिलेंडर उठाने-रखने की परेशानी। एलपीजी की तुलना में सस्ती, उपयोग के अनुसार बिलिंग प्रणाली। उन्होंने बताया कि 24म7 निरंतर आपूर्ति रहती है। पाइपलाइन के माध्यम से सीधी सप्लाई, स्टोरेज की जरूरत नहीं। हवा से हल्की होने के कारण लीक होने पर भी जमाव नहीं होता।

कैसे प्राप्त करें कनेक्शन- पीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने के लिए नागरिक गेल गैस लिमिटेड की वेबसाइट, क्यूआर कोड या मोबाइल नंबर 6268431352, टोल फ्री नंबर 18001029282 पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा 12 अप्रैल को देवास आएंगे

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा दिनांक 12 अप्रैल को देवास आएंगे। प्राप्त भ्रमण कार्यक्रम अनुसार उपमुख्यमंत्री देवड़ा प्रात~ 7.00 बजे मंदसौर से प्रस्थान कर प्रात~ 11.00 बजे देवास आएंगे। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित हितग्राही सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे देवास से प्रस्थान कर नगर परिषद करनावद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नर्मदा जल प्रदाय योजना का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 03.00 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# तीन साल में 33 लाख वसूल चुके ठग, 20 लाख और मांग रहे

## ब्लेकमेलिंग का शिकार हुए बुजुर्ग ने पुलिस से लगाई गुहार, पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग ने ब्लेकमेलरों का शिकार होकर 33 लाख रू. गंवा दिए हैं, लेकिन फिर भी उनकी मांग बढ़ती जा रही है। अब वे बुजुर्ग से 20 लाख रू. और मांग रहे हैं और न देने पर जान से मारने व बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ब्लेकमेलरों का शिकार हुए रमेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि पार्वती बैरागी, राजेंद्र बैरागी, शरद बैरागी और संजना बैरागी ने उन्हें लगातार ब्लैकमेल कर भारी रकम वसूली। यह सिलसिला वर्ष 2023 में शिव मंदिर भरड़ में पार्वती बैरागी से मुलाकात के बाद शुरू हुआ। पार्वती ने उनसे संपर्क बढ़ाया और धीरे-धीरे बातचीत करने लगी। इसके बाद वह व्हाट्सएप वीडियो काल के माध्यम से रमेशचंद्र से बात की और उस बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया और इस रिकॉर्डिंग के आधार पर उन्हें बदनाम करने और बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रही है।

5 हजार रू. से हुई शुरूआत, अब तक लाखों ले चुके- बदनामी के डर से रमेशचंद्र ने पहले 5 हजार रुपये दिए। लेकिन आरोपियों ने बार-बार रकम की मांग जारी रखी। फरियादी ने बताया कि अलग-अलग समय पर उनसे लाखों रुपये वसूले गए, जिसमें 5 लाख और 7 लाख सहित कई किस्तों में कुल लगभग 33 लाख रुपये शामिल हैं। आरोपियों ने रमेशचंद्र से कई शपथ पत्रों पर भी हस्ताक्षर करवाए, जिनकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। शिकायत में यह भी बताया गया है कि आरोपी लगातार फोन कर और अधिक राशि की मांग कर रहे हैं। वे 12 अप्रैल 2026 तक 20 लाख रुपये देने का दबाव बना रहे हैं और पैसे न देने पर जान से मारने व वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं।

पुलिस कर रही मामले की जांच- कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(6), 351(3) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फूटी पाईप लाईन, व्यर्थ बहा हजारों लीटर पानी, फोरलेन खुदाई के दौरान जेसीबी से फूटा पाईप



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** फोरलेन सड़क के काम के दौरान लापरवाही की वजह से शहर की मुख्य पानी की पाइपलाइन फूट गई। शिक्षा विभाग दफ्तर के पास जेसीबी से खुदाई करते वक्त यह हादसा हुआ, जिससे हजारों लीटर साफ पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो गया।

शुक्रवार शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच जब जेसीबी खुदाई कर रही थी। उसी समय जेसीबी का पंजा लाईन के पाईप पर लग गया जिससे पाइपलाइन फूट गई और देखते ही देखते पूरी सड़क पर कीचड़ हो गया और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और फिलहाल जेसीबी से पाइप को दबाकर पानी का बहाव रोका गया है। नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि पाइपलाइन डैमेज होने की वजह से चामुंडा माता मंदिर और हाउसिंग बोर्ड की टंकियां नहीं भरी जा सकेंगी। जिससे शनिवार को कुछ क्षेत्रों में पानी सप्लाई में परेशानी हुई और कुछ क्षेत्रों की टंकियां नहीं भर पाई।

जिला जलाभाव क्षेत्र, फिर भी लापरवाही- कलेक्टर ने शाजापुर जिले को जलाभाव क्षेत्र घोषित किया है ताकि आमजनों को वर्षाऋतु तक आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने बोरिंग और अन्य कार्यों के लिए पानी लेने पर भी प्रतिबंध लगाया है। लेकिन फिर भी कभी नलों से व्यर्थ पानी बहता नजर आता है तो कभी पाईप लाईन फूट जाती है जिससे पानी बचाने के प्रयास असफल साबित हो रहे हैं।

# उपार्जन केंद्रों पर पहुंची कलेक्टर, केंद्र प्रभारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## किसानों के बैठने, पेयजल और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी किया निर्देशित



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत आज जिले के विभिन्न केंद्रों पर किए जा रहे गेहूं उपार्जन कार्य का कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों को किसानों के बैठने, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने मालवा एसएचजी खरदौनकलां, श्रीराम वेयर हाउस प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था खरदौनकला, समृद्धि वेयर हाउस, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था खोखराकलों-पर्वश्री वेयर हाउस, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था भैसायागडा न्यू बालाजी वेयर हाउस, कल्याणी आजीविका संकुल संगठन गुनपिपली बालाजी वेयर हाउस, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था शुजालपुर-मधुर महाँकाल वेयर हाउस, माँ गायत्री स्व सहायता समूह जेठडा-सतनाम वेयर हाउस सहित आदि का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर कृषको के बैठने, पेयजल व्यवस्था एवं उपार्जन केन्द्रो द्वारा किसानो से क्रय किये जा रहे गेहूँ की गुणवत्ता, गेहू के वारदानो पर शासन निर्देशानुसार स्टेंसिल छपाई एवं धागे/टेग, छलना, पंखा, बैनर आदि व्यवस्थाऐ देखी गई। साथ समुचित व्यवस्थाओ के संबंध में जारी निर्देशो का सख्ति से पालन करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता शाजापुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., शाजापुर, जिला आपूर्ति अधिकारी, तहसीलदार, शुजालपुर /कालापील, जिला प्रबंधक, एम.पी.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन शाजापुर, जिला नोडल अधिकारी, मध्यप्रदेश वेयर हाउस एण्ड लाजिस्टिक्स कार्पोरेशन, सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नोडल अधिकारी, एनआरएलएम उपस्थित थे।

अध्यक्ष-सचिव को थमाया नोटिस, प्रबंधक का सात दिन का वेतन काटा- कलेक्टर ने मां गायत्री स्व सहायता समूह जेठडा द्वारा उपार्जन स्थल पर बारदाना की ठीक से छपाई नहीं पाये जाने एवं सही तौल नहीं पाये जाने पर समूह के अध्यक्ष एवं सचिव को कारण बाताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जिला परियोजना अधिकारी एनआरएलएम को दिए। उन्होंने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, शुजालपुर के प्रबंधक उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा उपार्जन स्थल पर गेहूँ वारदाना पर ठीक तरह से छपाई नहीं पाये जाने पर अनियमितता के कारण उपायुक्त सहकारिता को समिति प्रबंधक के सात दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये।

# सुसनेर में नगर परिषद के नवीन भवन का लोकार्पण, नगरीय सेवाओं को मिलेगी मजबूती




**सुसनेर/ गिरिराज बंजारिया/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं आगर-मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा शनिवार को सुसनेर में नगर परिषद के नवीन भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में नवीन भवन के लोकार्पण उपरांत सब्जी मंडी स्थित टिन शेड का भी उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में नगरीय विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 12 के 31 पात्र परिवारों को पट्टों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक आगर मधु गहलोत, विधायक सुसनेर भेरोसिंह बापू, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, जिला प्रभारी जयदीप सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, दिलीप सकलेचा, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, फूलचन्द्र वेदिया, गोवर्धन शुक्ला, नरेंद्र विजयवर्गीय, मनोज हाड़ा, विष्णु भावसार, डॉ. सौरभ जैन, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, पार्षद इबादुल्ला खान, नईम अहमद मेव, स्नेहा युगल परमार, राकेश कानूडीया, मीना पवन शर्मा, टोनी शेख, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप जैन, जितेंद्र सांवला, ईश्वरसिंह कांवल, अर्जुन ज़ादमे एवं मोहसिन मेव, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजनसिंह, लखन सेन एवं कालुसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।।

कार्यक्रम का संचालन मुकेश हरदेनिया एवं पवन शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओ.पी. नागर ने व्यक्त किया। नवीन भवन के प्रारंभ होने से नगर परिषद के प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी तथा नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध होगी।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार घायल

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 1 बजे पनवाड़ी ब्रेकर कट पाइंट पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों में से दो महिलाएं घायल हो गईं, जबकि तीन अन्य सुरक्षित बताए गए।

घायलों की पहचान गुना निवासी सुनीता धाकड़ और रेखा धाकड़ के रूप में हुई है। रेखा को गंभीर चोटें आई हैं। इस हादसे में सुनीता को हल्की चोटें लगी हैं। दोनों को डायल 112 की मदद से शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जाता है कि कार सवार सभी लोग उज्जैन में अपने रिश्तेदार के हाल जानने के लिए जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। इधर घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## नशे में बाईक चला रहे चालक ने दूसरी बाईक को मारी टक्कर

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के ग्राम मोरटा जोड़ पर शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दो महिलाओं समेत कुल चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस बाईक सवार ने दूसरी बाईक को टक्कर मारी वह नशे में बाईक चला रहा था और हादसे में उसे भी चोंट आई हैं जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ के रहने वाले मंगल पंवार अपने पिता पप्पूलाल, पत्नी रामकन्या और बहन संगीता के साथ पनवाड़ी बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही एक दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मंगल की पत्नी और बहन सड़क पर गिरकर बुरी तरह चोटिल हो गईं। वहीं दूसरी बाइक राजगढ़ जिले के रामपुरिया निवासी अजय वर्मा चला रहा था और वह भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिला अस्पताल के डॉक्टर क्षितिज ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि अजय वर्मा शराब के नशे में था।

# उन्हेल के नागरिकों की जागरूकता के फल स्वरुप एक आदर्श नगर परिषद के रूप में स्वच्छता में नंबर वन स्थान अर्जित करेंगे - संयुक्त संचालक

## स्वच्छ शहर जोड़ी के अंतर्गत नगर निगम उज्जैन द्वारा उन्हेल नगर परिषद में प्रशिक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता की गतिविधियां प्रारंभ की गई



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वच्छ शहर जोड़ी के रूप में उज्जैन नगर निगम द्वारा उन्हेंल नगर परिषद के साथ एमओयू साइन किया जाकर उन्हेल नगर परिषद को स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान किया जा रहा है जिसके क्रम में शनिवार को उन्हेल नगर परिषद का निरीक्षण संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन उज्जैन संभाग श्री राजीव निगम, उपसंचालक श्री भविष्य खोबरागडे, निगम उपायुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) श्री योगेंद्र सिंह पटेल एवं निगम अधिकारियों द्वारा किया गया साथ ही नगर परिषद के सीएमओ श्री जितेंद्र राणा एवं परिषद के कर्मचारियों के साथ स्वच्छता को लेकर कार्यशाला का आयोजन करते हुए बाजारों का भी निरीक्षण किया गया जहां दुकानदारों को डस्टबिन रखने, कचरा डस्टबिन में डालने एवं नालियों के ऊपर जो अतिक्रमण किया गया है उसे हटाए जाने की समझाइश दी गई

उल्लेखनीय है कि उन्हेल नगर परिषद की वर्तमान जनसंख्या 15 हजार के लगभग है जहां 15 वार्ड नगर परिषद के अंतर्गत आते हैं 2024 - 25 स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम में उन्हेल नगर परिषद को 3 स्टार रेटिंग के साथ-साथ ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ है उन्हेल नगर परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान के नवाचारों में झोला बैंक, बर्तन बैंक की स्थापना भी की गई है साथ ही एमआरएफ ओर एफएसटीपी प्लांट भी संचालित किए जाते हैं

कार्यशाला में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन श्री राजीव निगम द्वारा कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हमें जिम्मेदारी से कार्य करते हुए पूरी लगन एवं टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए उन्हेल नगर परिषद को स्वच्छता में नंबर वन बनाना है इसके लिए घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखते हुए गाड़ियों में दिया जाए, डोर टू डोर जाकर नागरिकों से स्वच्छता के विषय पर संवाद करें, सिटिजन फीडबैक के लिए नागरिकों को जागरूक करें, विद्यालयों में जन जागरूकता गतिविधियां, वार्ड चौपाल एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन करें, पुराने सामान से 3 आर नवाचार करें, होम कंपोस्टिंग की जानकारी देते हुए घरों में ही गीले कचरे से खाद बनाए जाने हेतु प्रशिक्षण दें, प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें, निरंतर नागरिकों से संवाद करते रहे इन सब बातों का ध्यान रखते हुए उन्हेल नगर परिषद को स्वच्छता अभियान में कार्य करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा कार्यशाला में संबोधित करते हुए उन्हेल नगर परिषद के तकनीकी अधिकारियों को बताया कि कचरा कलेक्शन वाहनों पर जीपीएस मेकिंग की जाए, वाहनों का रूट प्लान एवं रूट चार्ट का निर्धारण किया जाए, कर्मचारियों को माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करवाते हुए बायोमैट्रिक अटेंडेंस ली जाए, सफाई कार्य के आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए पत्र लिखें ताकि आपको संसाधन की उपलब्धता करवाई जा सके, जन जागरूकता के लिए प्रभावी चालानी कार्यवाही की जाए इसके लिए पीओएस मशीन के माध्यम से चालानी कार्यवाही करें, चौपटिया को साफ, स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त रखा जाए, स्वच्छता की मॉनिटरिंग हेतु वार्ड नोडल बनाए जाए, इन सब कार्यो के फल स्वरूप उन्हेल नगर परिषद के नागरिकों, जन प्रतिनिधियों के सहयोग से स्वच्छता जन जागरूकता लाई जा सकेगी।

प्रशिक्षण कार्यशाला में बताई गई मुख्य बातें- मुख्य मार्ग, बाजारों एवं सड़कों पर नियमित रूप से सफाई करवाना, नालियों की नियमित रूप से दलेल लगाते हुए सफाई करवाना, कचरे को केवल कचरा कलेक्शन वाहनों में ही डालने के लिए जन जागरूकता लाना, कचरे का ठिया (ढेर) कहीं भी नहीं लगे इस बात की ओर ध्यान देना, प्रत्येक दुकानदार अपने दुकान के सामने दो डस्टबिन रखें जिसमें गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डाला जाए, सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णतः प्रतिबंध करना एवं उल्लंघन करते पाए जाने पर नियम अनुसार POS मशीन से चालानी कार्यवाही करना, बाजारों में खरीदारी के लिए नागरिकों को कपड़े से बने झोले का उपयोग करने के लिए समझाइश देना इत्यादि बातों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की आवश्यक्ता है

कार्यशाला के उपरांत उन्हेल नगर परिषद में बाजारों का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों को नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाए जाने, डिवाइडरों की सफाई एवं अतिक्रमण हटाते हुए सुंदर गमले ओर लाइटिंग करने के निर्देश दिए ताकि चौराहे की सुंदरता बढ़ाई जा सकें इसी के साथ एफ.एस.टी.पी. प्लांट (फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) एवं एम.आर.एफ.सी. (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर) का भी अवलोकन किया गया जहां व्यवस्थाएं उचित पाई गई।

इस दौरान सहायक आयुक्त श्री राघवेंद्र सिंह पलिया श्री प्रवीण मुकाती स्वास्थ्य अधिकारी श्री आनंद विजय सिंह राठौड़ स्वच्छता निरीक्षक श्री अजय दावरे, उपयंत्री श्री लखन वाघेला, आईईसी सुपरवाइजर एवं टीम के साथ ही उन्हेल नगर परिषद के वार्ड प्रभारी, दरोगा एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## बड़ावदा में भाजपा का 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' शुरू



**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा बड़ावदा मंडल में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् गान के साथ की गई।

कार्यक्रम में वर्ग गीत मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन चार सत्र आयोजित किए गए-

प्रथम सत्र- वक्ता के रूप में आलोट विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय ने कार्य विस्तार की दृष्टि विषय पर संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता एल्डरमैन मांगीलाल अजमेरा ने की।

द्वितीय सत्र- पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कान सिंह चौहान ने हमारी कार्यपद्धति विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह ने की।

तृतीय सत्र - संभागीय प्रशिक्षण सह-प्रभारी हरिराम शाह ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर विचार रखे। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल कटारिया ने की।

चतुर्थ सत्र- उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता नगर परिषद बड़ावदा अध्यक्षा कल्पना राजेंद्र कुमावत ने की।

कार्यक्रम से पूर्व सभी प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन किया गया। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें पहले दिन चार सत्र सम्पन्न हुए। दूसरे दिन 12 अप्रैल को भी चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन

## सप्त दिवसीय योग शिविर का आयोजन



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सर्वब्राह्मण महासभा, महिला मंडल एवं श्री जी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के मंगल अवसर पर प्रतिवर्षानुसार सप्तदिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन दिनांक 13 अप्रैल 26 सोमवार से 19 अप्रैल 26 रविवार तक प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक श्री जी अस्पताल परिसर पर किया जा रहा है। योग का निःशुल्क प्रशिक्षण समस्त शहरवासियों को श्रीमती कीर्ति शर्मा , सुश्री प्रीति काँठेड द्वारा दिया जायेगा , कृष्णचंद्र पुरोहित एवं डॉ अग्निवेश पांडेय अपना सहयोग संपूर्ण शिविर में प्रदान करेंगे। निःशुल्क योग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सभी समाजजन, नागरिकगण ,प्रबुद्धजनों , योगप्रेमियों से लाभ लेने का आव्हान शिविर संयोजकद्वय डॉ अनिल दुबे ,अध्यक्ष सर्वब्राह्मण महासभा , डायरेक्टर श्री जी अस्पताल एवं श्रीमती वंदना दुबे , अध्यक्षा महिला मंडल ने किया है।

विशेष अनुरोध - कृपया अपने साथ चादर या योग मेट अवश्य लाएं

## सिर्फ उत्सव नहीं, सेवा का संकल्प है दुर्गा धाम



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अध्यात्म और सेवा की त्रिवेणी दुर्गा धाम ने शनिवार को अपनी स्थापना के 30 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किए। इस अवसर पर धाम परिसर में भव्य स्थापना महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा धाम के संस्थापक और प्रखर सनातनी प्रचारक मनीष भैया द्वारा की गई विशेष महाआरती से हुआ। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच जब माँ दुर्गा की आरती हुई, तो पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। इस दौरान मनीष भैया ने सभी भक्तों के कल्याण और क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना की। इस महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मनीष भैया द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान रहा। उन्होंने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की पुरजोर मांग करते हुए एक मुहिम छेड़ी है। इस अभियान को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिला। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने फॉर्म पर हस्ताक्षर कर अपना समर्थन।

## विधिक साक्षरता से ही बनेंगे जिम्मेदार नागरिक - जी.सी.मिश्रा



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता लाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से शनिवार, 11 अप्रैल 2026 को एक महत्वपूर्ण विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। श्री पाटीदार पारमार्थिक एवं शैक्षणिक न्यास द्वारा संचालित श्री सरदार पटेल विद्यापीठ एवं श्री अंबिका आदर्श विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक जगत की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जी. सी. मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के नियमों और कानूनों को समझना भी है। उन्होंने जोर देकर कहा, ÷कानून की सही समझ से ही विद्यार्थी सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं।÷ उन्होंने युवाओं को समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का दूत बनने का आह्वान किया। विधिक वॉलिंटियर जयेश राजपुरोहित ने भी विद्यार्थियों को कानून की बारीकियों और विधिक सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया। इस अवसर पर शैक्षणिक न्यास और विद्यालय प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बदनावर में दो दिवसीय खंड स्तरीय पुस्तक मेले का भव्य आगाज

### 10% छूट के साथ मिल रहीं पुस्तकें और गणवेश



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश एवं जिला शिक्षा केंद्र धार के निर्देशन में शिक्षा को सुलभ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विकास खंड बदनावर में दो दिवसीय खंड स्तरीय पुस्तक मेले का शानदार शुभारंभ हुआ। शासकीय नंदराम चोपड़ा परिसर में आयोजित इस मेले में पहले ही दिन बड़ी संख्या में पालकों और बच्चों का उत्साह देखने को मिला।

मेले का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना शेखर यादव एवं नगर पंचायत शिक्षा समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षा और प्रशासन जगत की प्रमुख हस्तियाँ मौजूद रहीं, जिनमें तहसीलदार सुरेश नागर, खंड शिक्षा अधिकारी सेकड़िया डावर, सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य रियाज शेख, ओ.पी. राठौड़, जयराम मालवीय, कमल पाटीदार, भोला बैरागी और डी.के. सोलंकी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

जनपद शिक्षा केंद्र बदनावर के खंड समन्वयक श्री देव नारायण गुजराती ने मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अक्सर पालकों पर किसी निर्धारित अधिकृत विक्रेता से ही पुस्तकें या गणवेश खरीदने का दबाव रहता है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य उस एकाधिकार को खत्म करना है। यहाँ पालकों को अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार सामग्री चुनने की आजादी दी जा रही है।

मेले की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि मेले में कुल 05 स्टाल लगाए गए हैं। इनमें से 04 स्टाल पुस्तक विक्रेताओं के हैं और 01 स्टाल गणवेश (यूनिफॉर्म) विक्रेता का है। विशेष बात यह है कि सभी विक्रेताओं द्वारा पालकों को 10 प्रतिशत की सीधी छूट दी जा रही है। पालकों और बच्चों से लाभ लेने की अपील मेला 11 और 12 अप्रैल तक दो दिनों के लिए आयोजित किया गया है। पहले दिन बच्चों और अभिभावकों की भारी भीड़ ने व्यवस्थाओं को सराहा। जनपद शिक्षा केंद्र के श्री भगवान सिंह वसुनिया ने क्षेत्र के सभी पालकों और बच्चों से अपील की है कि वे रविवार को भी मेले में पहुँचकर इस विशेष सुविधा और छूट का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिक्षा विभाग की इस पहल से पालकों को न केवल आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि एक ही छत के नीचे शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध होने से उनकी भागदौड़ भी कम हुई है।

## स्लग- रानी बडौद में स्कूल मर्जर के विरोध में जोरदार प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया ग्राम रानी बडौद में शासकीय स्कूलों को अकोदिया स्थित सांदीपनि विद्यालय में मर्ज करने के प्रस्ताव के विरोध में ग्रामीणों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। पंचायत भवन के सामने आयोजित इस प्रदर्शन में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि रानी बडौद के विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या पर्याप्त है और यहां का परीक्षा परिणाम भी लगातार 100 प्रतिशत रहा है। इसके बावजूद स्कूलों के मर्जर का निर्णय समझ से परे है। अभिभावकों ने चिंता जताई कि गांव से बाहर जाकर पढ़ाई करने में बालक-बालिकाएं असुरक्षित महसूस करते हैं, जिससे उनकी शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने तहसीलदार के.एल. चौहान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर स्कूलों के प्रस्तावित विलय को निरस्त करने की मांग की।

धरना स्थल पर पहुंचे ब्लॉक अधिकारी डॉ. हर्षवर्धन चतुर्वेदी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि रानी बडौद के स्कूलों को जबरन सांदीपनि विद्यालय में मर्ज नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांदीपनि विद्यालय के नियमों के अनुसार संबंधित क्षेत्र के अभिभावकों और विद्यार्थियों की सहमति के बिना प्रवेश प्रक्रिया नहीं की जा सकती। इस दौरान पालक महासंघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान सरपंच विक्रम राठौर, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश शर्मा, उपसरपंच केशर सिंह मेवाड़, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मीडिया के सवाल पर बोले प्रभारी मंत्रीः मधुमक्खी हादसे की होगी सख्त जांच

### मामला विवेकानंद स्कूल में मधुमक्खी के हमले से छात्र की मौत का...



**सुसनेर/ गिरिराज बंजारिया/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद स्कूल सोयत कला में मधुमक्खियों के हमले से एक मासूम छात्र की मौत के बाद सरकार सख्त रुख में नजर आ रही है। इस मामले में प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। जहां भी मधुमक्खियों के छत्ते या इस प्रकार की खतरनाक स्थिति पाई जाएगी, वहां तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद स्कूल में हुई इस घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी। यदि जांच में स्कूल प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों की किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद स्कूल, सोयतकला में परीक्षा के दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया था। इस हमले में कक्षा चौथी के 9 वर्षीय छात्र की मौत हो गई, जबकि कई अन्य बच्चे घायल हो गए थे। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। बताया जा रहा है कि मंत्री नागर सिंह चौहान आगर मालवा में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब में यह बयान दिया। घटना के बाद प्रशासन ने भी सक्रियता बढ़ा दी है और जिलेभर में स्कूल परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी संवेदनशील स्थानों से मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने का कार्य पूर्ण किया जाएगा। यह हादसा न केवल एक परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र के लिए एक चेतावनी भी है कि बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की ढिलाई गंभीर परिणाम ला सकती है।

## बदनावर विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक, विधायक शेखावत ने अफसरों को लगाई फटकार



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 202 बदनावर के धार अनुभाग में आने वाले ग्रामों की विकास कार्यों और जनसमस्याओं के निराकरण हेतु एक महत्वपूर्ण खंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। विधायक भंवरसिंह जी शेखावत की अध्यक्षता में जनपद पंचायत धार के सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच कई ज्वलंत मुद्दों पर गरमागरम चर्चा हुई।

बैठक में एसडीएम राहुल गुप्ता और तहसीलदार आशीष राठौर ने राजस्व विभाग से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी दी गई। अभिलेख दुरुस्ती, कॉलम नंबर 12 में इंद्राज और नक्शा तरमीम के कार्य, ग्राम सुनारखेड़ी में नाथ संप्रदाय के अंतिम संस्कार हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया, ग्राम बिजुर में आगजनी से हुए फसल नुकसान की राहत राशि वितरण, नक्शा बटांकन और रास्ता विवादों का त्वरित निराकरण।

आंगनवाड़ी भवनों की अपूर्णता पर बिफरे विधायक- बैठक में जब यह बात सामने आई कि जनपद पंचायत धार में 5-6 साल पहले स्वीकृत आंगनवाड़ी भवन आज भी अपूर्ण हैं, तो विधायक शेखावत ने कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मारिषा शिंदे को सख्त निर्देश दिए कि इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही, पंचायतों द्वारा महंगे दामों पर अग्निशमन यंत्र खरीदने का मुद्दा भी सदन में प्रमुखता से उठा।

सदन में जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर अत्यंत नाराजगी देखी गई। वहीं, विद्युत विभाग की कार्यशैली को विधायक ने तानाशाही करार देते हुए रोष व्यक्त किया। उन्होंने बिजली विभाग की समस्याओं के लिए अलग से विशेष बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की चर्चा के दौरान एम्बुलेंस की समय पर अनुपलब्धता का मुद्दा भी गंभीर माना गया। बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारी नदारद रहे, जिससे गेहूं खरीदी से जुड़ी जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं लोक निर्माण विभाग की अनुपस्थिति के कारण सड़क संबंधी रिपोर्ट अप्राप्त रही। एसडीएम राहुल गुप्ता ने इन दोनों विभागों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संज्ञान लिया है।

बैठक में राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी और आजीविका मिशन सहित कई विभागों के अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट पेश की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि आशीष भाकर, लियाकत पटेल, परितोष सिंह राठौर (बंजी बना), राजेश राठौर, कमल सिंह सिसोदिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विधायक के निज सहायक आर.पी. सिंह द्वारा प्रदान की गई।

## मां चामुंडा की नगरी में पहुंचकर माता रानी का किया दर्शन



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया देवास शाजापुर लोक सभा सांसद क्षेत्र के सांसद श्री महेंद्र सिंह सोलंकी के जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मां चामुंडा की नगरी देवास धाम पहुंचकर मां चामुंडा का दर्शन किया यहां माता रानी की एक झलक पाने के लिए सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु माता की टेकरी पर मौजूद थे गोलाना मंडल से सरपंच बहादुर सिंह मेवाडा वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश मेवाड़ा हेमंत जी मेवाड़ा रोशन मेवाड़ा आदि देवास पहुंचे और संसदीय क्षेत्र के कार्यालय पर सांसद श्री महेंद्र सिंह सोलंकी का जन्मदिन मनाया एवं मां चामुंडा के धाम पहुंचकर माता रानी का दर्शन लाभ लिया क्षेत्र में सुख संपत्ति सद्भावना बनी रहे इसके लिए माता रानी से कामना की


**NAME CHANGE**

I **INSHIYA SHABBIR BHAI BADWANIWALA D/O SHABBIRBHAI MULLA SAMSUDDIN BADWANIWALA** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGE MY NAME AS **INSHIYA KHANBHAI D/O SHABBIRBHAI MULLA SAMSUDDIN BADWANIWALA.** AND I HAVE ADD MY SPOUSE NAME AS **ABBAS KHANBHAI.** SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **INSHIYA KHANBHAI D/O SHABBIRBHAI MULLA SAMSUDDIN BADWANIWALA** FOR ALL PURPOSE.

ADDRESS :- 14 BOHARA BAKHAL, ALIRAJPUR DIST :-ALIRAJPUR (M.P.) -457887

**NAME CHANGE**

I **FATEMA HUZEFA VOHRA D/O HUZEFA HUSSAINBHAI VOHRA** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGE MY NAME AS **FATEMA D/O HUZEFA HUSSAINBHAI VOHRA.** AND I HAVE ADD MY SPOUSE NAME AS IDRIS. SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **FATEMA D/O HUZEFA HUSSAINBHAI VOHRA** FOR ALL PURPOSE.

ADDRESS :- 14 BOHARA BAKHAL,ALIRAJPUR DIST :-ALIRAJPUR (M.P.) -457887


## नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय एवं प्रभारी मंत्री श्री चौहान ने 98.34 लाख रुपए की सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन


**आगर-मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री तथा आगर-मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को आगर-मालवा में बडौद चौराहा से पाल रोड तक 98.34 लाख रुपए की लागत से बनने वाली डामरीकृत सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शहरों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है। नगरीय क्षेत्रों में सुदृढ़ सड़क नेटवर्क एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करना प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी।

प्रभारी मंत्री श्री चौहान ने कहा कि नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार शासन की प्राथमिकता है। सड़कों एवं नाली निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

कार्यक्रम में विधायक मधु गहलोत, जयदीप पटेल, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, बाबूलाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश पटेल, जनप्रतिनिधि कैलाश काका, मयंक राजपूत, वार्ड पार्षद सोरम बाई भटोदरा, राजू भटोदरा,श्रीमती आभा चोपड़ा, अजय जैन, भरत प्रजापत, प्रेम यादव, कैलाश कुंभकार, जगदीश गवली, अशोक प्रजापत, रानू नरवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे सहित सभी पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# आयुक्त और एडीजी की अध्यक्षता में सिंहस्थ महापर्व 2028 के लिए शहर में गतिशीलता एवं यातायात प्रबंधन के लिए बैठक आयोजित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री संकेत भोंडवे व एडीजी श्री राकेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत मोबिलिटी प्लानिंग, यातायात प्रबंधन और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सिंहस्थ के दौरान अपेक्षित भीड़ और वाहनों का सुव्यवस्थित तरीके से प्रबंधन के लिए डेटा-आधारित एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह, डीआईजी श्री नवनीत भसीन, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री गोपाल डाड, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, सीईओ यूडीए श्री संदीप सोनी, सीईओ स्मार्ट सिटी श्री संदीप शिवा एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ महापर्व 2028 के दौरान उज्जैन में लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इनमें से लगभग 80 प्रतिशत यातायात सड़क मार्ग से होगा। इसलिए देवास और इंदौर से उज्जैन आने वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। इन क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ट्रैफिक सिमुलेशन (माइक्रोस्कोपिक एवं मेक्रोस्कोपिक) का उपयोग किया जाए।

वाहनों का विस्तृत डेटा संग्रहण किया जाए। उज्जैन आवागमन के प्रमुख मार्गों पर सामान्य दिनों तथा विशेष पर्वों के दौरान प्रति घंटा गुजरने वाले वाहनों की संख्या का विश्लेषण किया जाए। बताया गया कि इंदौर-देवास रोड की नेटवर्किंग पर कार्य प्रगति पर है। दिन-रात के विभिन्न समयों में ट्रैफिक की संख्या में होने वाले परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि रेलवे, बस तथा निजी वाहनों से आने वाले यात्रियों की वहन क्षमता का आंकलन कर एक विधिवत एवं विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए। कनेक्टिंग रोड्स की क्षमता सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से द्वितीय और तृतीय शाही स्नान के दौरान अपेक्षित अधिकतम भीड़ को ध्यान में रखते हुए गतिशीलता नियोजन किया जाए। उज्जैन आगमन के प्रमुख मार्गों का भौतिक निरीक्षण कर सूक्ष्म स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में सिंहस्थ से पहले और दौरान उज्जैन में आने वाली भीड़ का आंकलन कर कार्ययोजना बनाने पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए नवीन घाटों का निर्माण किया जा रहा है। लॉजिस्टिक्स प्लानिंग को पूरी तरह डेटा-ड्रिवन और वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा, जिसमें पहले मांग का सटीक अनुमान, फिर मॉडलिंग के माध्यम से पूर्वानुमान और अंत में रूटिंग एवं ट्रैफिक सिमुलेशन शामिल होगा।

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री संकेत भोंडवे ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के अंतर्गत बनाए जा रहे प्रमुख मार्गों की रोड सेफ्टी ऑडिट समयबद्ध तरीके से कराई जाए। शहर और आसपास के प्रमुख ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएं। अगले 6 माह में सभी मार्गों पर दिशा सूचक चिन्ह बोर्ड तथा वेरिएबल मैसेजिंग साइन अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

बैठक में विद्युत से चलने वाले वाहनों (ई-वाहनों) की बढ़ती उपयोगिता पर भी चर्चा हुई। सिंहस्थ एवं अन्य पर्वों के दौरान बाहर से आने वाले ई-वाहनों के लिए शासकीय कार्यालयों, मंदिरों, मॉल तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों के समीप पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसे व्यापक समर्थन प्रदान किया जाएगा ताकि पर्यावरण अनुकूल यातायात को बढ़ावा मिल सके। यह कार्ययोजना श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है।

## आभूषण चोरी में किरायेदार पर शंका, पूछताछ जारी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मकान का ताला टूटे बिना हुई लाखों के आभूषण चोरी में किरायेदार युवक से पूछताछ की जा रही है। आभूषण बरामद होने पर मामले का खुलासा किया जायेगा। परिवार को अलमारी में रखे आभूषण नहीं मिलने पर चोरी का पता चला था। ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले जोशी परिवार के मकान में रहस्यमय तरीके से करीब 6 से 7 लाख रुपए के आभूषण चोरी होने का मामला शुक्रवार को नानाखेड़ा थाना पुलिस के पास पहुंचा था। परिवार ने बिना ताला टूटे चोरी होने की जानकारी देते हुए बताया कि अलमारी में रखे आभूषण जिसमें सोने की चुड़ियां, अंगूठी और अन्य आभूषण गायब हैं। घर में किसी ने भी आभूषण नहीं लिए हैं। पुलिस ने मामला संदिग्ध होने पर जांच शुरू की। इस दौरान परिवार ने ऊपरी मंजिल पर किराये से रहने वाले युवक पर भी शंका जताई। पुलिस ने शंका के आधार पर युवक को हिरासत में लिया तो रातभर की पूछताछ में उससे आभूषण चोरी का सुराग मिल गया। सूत्र बता रहे हैं कि किराये से रहने वाला युवक उज्जैन में रहकर पढ़ाई कर रहा है और बड़नगर तहसील का रहने वाला है। कुछ दिन पहले वह बड़नगर भी गया था। इसी आधार पर पुलिस युवक को बड़नगर लेकर पहुंची है। आभूषण बरामद होने पर शाम तक मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## दो लोगों को चार पहिया वाहनों ने मारी टक्कर, मौत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंगोरिया और महिदपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के दौरान दो घायलों को उपचार के लिए उज्जैन लाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। शनिवार सुबह पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम करवाया। इंगोरिया के ग्राम किलोली के रहने वाले बाबूलाल पिता भेरूलाल डाबी को 108 एम्बुलेंस उपचार के लिए उज्जैन लेकर पहुंची थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद सामने आया कि बाबूलाल वेल्डिंग का काम करता था और शाम को बड़नगर से लौटते समय खरसौद ब्रिज पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। वहीं महिदपुर के ग्राम सेमलिया में रहने वाले शांतिलाल पिता रामचंद्र सोलंकी को उपचार के लिए परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शांतिलाल किराने का सामान लेने ग्राम सेमलिया से महिदपुर गया था। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।

### फिरोजपुर के चालक गई जान

पंजाब के फिरोजपुर का रहने वाला मोड़सिंह पिता मोहनसिंह जावरा में हार्वेस्टर मशीन चलाने आया था। काम खत्म होने के बाद वह अपने जीजा दीदारसिंह के साथ सिकंदराबाद के लिए ट्रेन में सवार हुआ। उज्जैन पहुंचने के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे स्टेशन से चरक अस्पताल लाया गया। लेकिन गेट पर ही गिरने से उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की संभावना जताई है।

## राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर जिले में विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य हर गर्भवती महिला को सुरक्षित गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल की आवश्यक जानकारी एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष जांच शिविर आयोजित किए गए, जिसमें गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, टीकाकरण, पोषण परामर्श तथा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान की गई। साथ ही महिलाओं को नियमित जांच, संतुलित आहार, आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन तथा संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व के लिए जागरूक किया और उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं लेने के लिए प्रेरित किया।

## ट्रेन में क्यूआर कोड बताएगा अब खाने पीने की सामग्री के रेट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ट्रेन में सफर के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं की ज्यादा कीमत वसूलने की शिकायतें अब खत्म होने वाली हैं। आईआरसीटीसी ट्रेन में क्यूआर कोड आधारित नई व्यवस्था शुरू कर रहा है। इसे स्कैन करते ही यात्रियों के मोबाइल पर उपलब्ध खाद्य सामग्री, उसका मेन्यू और आधिकारिक कीमतें दिखाई देंगी।

मिली जानकारी के मुताबिक यह पहल पारदर्शिता बढ़ाने और अधिक कीमत वसूलने की शिकायतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से की जा रही है। यात्री अब यह साफ तौर पर जान सकेंगे कि वे जो भोजन या पेय पदार्थ ले रहे हैं, उसकी वास्तविक कीमत क्या है। जल्द ही यह व्यवस्था पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी। नई प्रणाली की शुरुआत मुंबई से चलने वाली प्रीमियम ट्रेनों से की जाएगी। वंदे भारत और राजधानी ट्रेनों में स्टाफ को नेवी ब्लू जैकेट दी जाएगी, जिस पर हेल्पलाइन नंबर भी दर्ज रहेगा। अन्य ट्रेनों में तैनात कर्मचारियों को हल्के नीले रंग की टी-शर्ट पहनाई जाएगी। सभी के लिए क्यूआर कोड युक्त आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य होगा। क्यूआर कोड सीधे वेंडर और स्टाफ की वर्दी की शर्ट पर लगाया जाएगा, जिससे ट्रेन के अंदर ही जानकारी और भुगतान की जानकारी मिलेगी। कार्ड, यूपीआई और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से तुरंत भुगतान किया जा सकेगा।

## 48 घंटे बाद पकड़ाया नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला युवक

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नाबालिग का शोषण करने वाला युवक लेकर दूसरी युवती से सात फेरे लेने के लिये निकल गया। नाबालिग ने एसिड़ गटक लिया, मेडिकल रिपोर्ट में उसके गर्भवती होने का मामला संज्ञान में आया तो पुलिस ने दुल्हा बने युवक के खिलाफ पास्को एक्ट और दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया। दुल्हा भाग निकला था जिसे 48 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बड़नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 15 साल की बालिका ने 6 अप्रैल को एसिड़ गटक लिया था। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची, लेकिन नाबालिग ने गलत बयान दे दिया। एक दिन बाद उसका मेडिकल चैकअप हुआ तो सामने आया कि नाबालिग 3 माह की गर्भवती है। अस्पताल की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी ने मामला गंभीर होने पर तहसीलदार स्तर पर नाबालिग के बयान दर्ज कराये। इस दौरान सामने आया कि कुछ माह से डरा-धमकाकर उसका शोषण कस्बे में रहने वाला अभिषेक सेन पिता सतीशचंद्र सेन 23 साल शिक्षक कालोनी द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने तत्काल मामले में दुष्कर्म और पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। 8 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस शिक्षक कालोनी पहुंची तो पता चला कि अभिषेक की शादी रतलाम के बिलपांक में होने वाली है। वह बारात लेकर निकला है। पुलिस बिलपांक पहुंची और दुल्हन के परिवार को मामले की जानकारी दी। दुल्हा बने अभिषेक को पता चला तो वह भाग निकला। जिसकी गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक नारायण सरा, शोभित शुक्ला, कैलाश गरवाल की टीम गठित की। 48 घंटे बाद शुक्रवार को खबर मिली कि बारात छोड़कर फरार हुआ दुष्कर्मी दुल्हा अपने घर आया है। पुलिस ने दबिश मारी और उसे हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। शनिवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## बड़ावदा में पंचदिवसीय 'श्री राम मारुति महायज्ञ' का भव्य आयोजन सम्पन्न

**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व कल्याण, क्षेत्र समृद्धि एवं सर्वजन हितार्थ श्री पंचमुखी हनुमान जती धाम सेवा आश्रम, ठिकरिया-फाचरिया फंटा (तहसील जावरा, जिला रतलाम) में पंचदिवसीय श्री राम मारुति महायज्ञ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

यह आयोजन आ.भा. श्री निर्मोही अखाड़ा के राष्टीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 श्री राजेन्द्र दास जी महाराज (अहमदाबाद) के सानिध्य एवं श्री पंच मालाधारी निर्मोही अखाड़ा के संत श्री श्री 1008 श्री परणदास जी महाराज के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम 7 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। आयोजन के अंतर्गत अखंड रामचरितमानस पारायण, संत समागम एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

## सूर्यमुनि चिकित्सालय में विश्व होम्योपैथी दिवस पर संगोष्ठी



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** चिकित्सा जगत में सुरक्षित और प्रभावी उपचार प्रणाली के रूप में अपनी पहचान बना चुकी होम्योपैथी पद्धति को लेकर शनिवार को सूर्यमुनि चिकित्सालय में विश्व होम्योपैथी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह दिवस होम्योपैथी के जनक, महान चिकित्सक सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान होम्योपैथी के मूल सिद्धांतों पर चर्चा की गई। राजेश जैन ने बताया कि डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन ने मानवता को समरूपता का सिद्धांत दिया। इस पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसकी दवाइयाँ अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाती हैं, जो बिना किसी दुष्प्रभाव के रोगी को स्वस्थ करती हैं। यह पद्धति केवल लक्षणों का नहीं, बल्कि व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति का समग्र उपचार करती है।

समारोह में बदनावर क्षेत्र में होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार और सामाजिक कार्यों के लिए डॉ. दीपशिखा के योगदान को सराहा गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. दीपशिखा निरंतर क्षेत्र में सक्रिय रहकर मरीजों को ठीक कर रही हैं, जिससे समाज में इस पद्धति के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ा है। एलर्जी, त्वचा रोग, माइग्रेन और पाचन जैसी पुरानी बीमारियों में उनके द्वारा किए जा रहे उपचार के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

चिकित्सकों ने संगोष्ठी में स्पष्ट किया कि होम्योपैथी का उद्देश्य रोग को दबाना नहीं, बल्कि शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को जागृत कर व्यक्ति को जड़ से स्वस्थ बनाना है। यह प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य राजकुमार चोपड़ा, दिनेश शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट विष्णु पाटीदार, सुरेंद्र मुनत, सुरेश गांधी, मीनाक्षी एवं शालिनी जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मरीजों ने भी अपने अनुभव साझा किए और होम्योपैथी पद्धति के प्रति अपना भरोसा जताया। विश्व होम्योपैथी दिवस ने यह संदेश दिया कि सुरक्षित और प्रभावी उपचार अपनाकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## जिले में 10 से 25 अप्रैल तक 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा का भव्य आयोजन किया जाएगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा 10 से 25 अप्रैल 2026 तक 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा मनाया जाएगा। यह पखवाड़ा एक उत्सव के रूप में पूरे जिले में आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में आम नागरिकों को जागरूक करना तथा नारी सशक्तिकरण की भावना को मजबूत करना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा जारी आदेश के अनुसार पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

नारी शक्ति पदयात्रा लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध महिलाओं के साथ पदयात्रा का आयोजन।

नारी शक्ति वंदन दीवार युवा वर्ग द्वारा दीवारों पर संदेश लिखकर सजावट, महिला संगठनों को जोड़ना महिला स्व-सहायता समूह, लखपति दीदी, लाड़ली बहना आदि को अभियान से जोड़ना, वीडियो प्रचार सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार हेतु वीडियो बनाकर पोस्ट करना, गोष्ठी एवं सेमिनार त्रि-स्तरीय पंचायतों, नगरीय निकायों, धार्मिक, सामाजिक, औद्योगिक एवं सहकारी संगठनों में गोष्ठियां एवं व्याख्यान, विशेष ग्राम सभा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन, जिसमें अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ 'नारी शक्ति वंदन' पर चर्चा।शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा।

जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) ने सभी संबंधित विभागों (शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, जनसंपर्क आदि) को अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रमों का सफल आयोजन के लिए पत्राचार किया है।

# आनलाइन टास्क के नाम ठगी करने वाला गिरफ्तार




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ऑनलाइन टास्क के नाम पर 8.50 लाख की ठगी करने वाले एक आरोपी को राज्य साइबर सेल की टीम ने जोधपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने रिश्तेदारों साथियों के साथ मिलकर म्युल खाता ऑपरेट करता था और ठगी की राशि का ट्रांजैक्शन करता था।

राज्य साइबर सेल पुलिस अधीक्षक सब्यसाची सराफ आपने बताया कि नामदारपुरा उज्जैन निवासी हुसैन (बदला हुआ नाम) जो वाहन फाइनेंस का काम करते है, उन्होंने शिकायत दर्ज करवायी थी कि एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर हर दिन कुछ मिनट में गुगल मेप्स पर रिव्यू देने का टास्क दिया गया था, जिसे पूरा करने पर 5 स्टार रेटींग देकर उसका स्किनशॉट ग्रुप में भेजा, इस 150 रुपये की प्राप्त हुए। कुछ और टास्क पुरा करने पर 150 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक प्राप्त हुए। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर एक वेबसाइट पर अकाउंट बनाने का बताया और विभिन्न टास्क पुरा करने पर कहां गया कि आप प्रो मेम्बर बन गये है। अब आपको अपनी प्रोफाइल में रुपये जमा करने है जिस पर टास्क पुरा करने पर 5 से 20 गुना राशि प्राप्त होगी। विश्वास कर विभिन्न बैंक खातों में 8.5 लाख रुपये जमा करवाये। इसके बाद जब आवेदक द्वारा टास्क पुरा कर की गई कमाई को निकालने का प्रयास किया तो 6 लाख रुपये और जमा करने का बताया गया। इस पर अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई, विवेचना दौरान आये डिजिटल तथ्य व अन्य तकनीकी जानकारी के आधार एक टीम जोधपुर रवाना की गई। लगातार 4 दिन तक प्रयास कर जोधपुर गौतम पिता जेठाराम गोदारा निवासी ग्राम रुपाणा जोताणा, लोहावट, जिला फलौदी, राजस्थान को गिरफ?तार किया गया। आरोपी ने पुछताछ पर बताया की उसके चचेरे भाई त्रिलोक गोदारा द्वारा उसे विभिन्न बैंको के लागइन आई डी. और पासवर्ड व वन टाइम पासवर्ड प्रदान किये जाते थे। आरोपी जिसे अपने मोबाइल फोन व लेपटाप में लाग इन कर त्रिलोक गोदारा के बताये अनूसार अन्य बैंक खातो में ट्राजेक्शन करता था। आरोपी के बैंक खातों में त्रिलोक अन्य लोगों के माध्यम से रुपये ट्रॉसफर करवाता था। आरोपी द्वारा बताया गया उसका भाई एवं उसके क्षेत्र के कुछ लोग बैंक खातों में लेन देन का काम करते है। आरोपी गौतम गोदारा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल सिम, मोबाइल फोन व लेपटाप जब्त किया गया है।

## वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी विभाग निर्माण कार्यों की तैयारी करें- संभाग आयुक्त




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने शनिवार को सिंहस्थ 2028 के प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, भवन विकास निगम, पर्यटन विभाग, ऊर्जा विभाग द्वारा सिंहस्थ 2028 में प्रचलित कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के पहले जो कार्य आवश्यक है, उन्हें पूर्ण किया जाए। जिससे वर्षा के दौरान कार्य प्रभावित नही हो।

संभाग आयुक्त श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि बारिश के कारण कोई कार्य रुके नहीं, जमीन स्तर के निर्माणाधीन कार्य ऊपर लेकर आए। बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल स्थित कलेक्टर सभागार में सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी संबंधित कार्य कराने वाले विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई।

संभागायुक्त श्री सिंह ने सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना की प्रगति की जानकारी लेने के बाद निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पहले आवश्यक कार्य पूर्ण किए जाएं। विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर कार्य प्रगति की जानकारी प्रतिदिन ले। संभागायुक्त ने श्री सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण करने की तिथि के पहले कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखें। संबंधित विभाग के अधिकारी मॉनिटरिंग कर कार्य की जानकारी लेकर कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। संभागायुक्त श्री सिंह ने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन विभाग के माध्यम से महाकाल लोक के लिए तैयार होने वाली प्रतिमाओं के निर्माण की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि 40 प्रतिमाएं तीन माह में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिमाओं की डिजाईन तैयार कर पांच सदस्यीय समिति से अनुमोदन लेने के बाद ही प्रतिमाओं का निर्माण किया जाएगा।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि प्रतिमाएं तैयार करने की विस्तृत कार्य योजना बनाकर बैठक में रखी जाए। संभागायुक्त श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण के छोटे कार्यों को जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने सभी संबंधित विभागों से कहा कि वे अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे विकास कार्यों में गति एवं पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में निर्माण कार्य कराने वाले संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र)

// निविदा सूचना //

सूचना क्रं./09/लो.नि.वि./26 — देवास, दिनांक 08.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयाविधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_498822_1 | वार्ड क्रं. 05 श्रीराम गौड जी के मकान से श्रीराम मंदिर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 19,30,000/- | 2,000/- 14,475/- | 22/04/2026 |
| 2 | 2026_UAD_498802_1 | वार्ड क्रं. 13 सीताराम नगर मे पॉयोनियर स्कूल के पीछे सी. सी. रोड़ निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 8,90,000/- | 2,000/- 8,900/- | 22/04/2026 |
| 3 | 2026_UAD_498840_1 | वार्ड क्रं. 23 कालानी बाग सी सेक्टर मे देवास डाक तार सोसायटी के पास सी.सी. रोड़ निर्माण। (द्वितिय निविदा) | 60 दिवस 16,53,000/- | 2,000/- 12,398/- | 22/04/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम देवास (म.प्र)


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)

# पंचक्रोशी यात्रा आज से... एक दिन पहले ही हजारों श्रध्दालु पहुंचे उज्जैन

## शनिवार सुबह नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल लेकर पड़ावों की ओर रवाना होने लगे



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पंचक्रोशी यात्रा की विधीवत शुरुआत आज 12 अप्रैल से होना है लेकिन इसके एक दिन पहले आज हजारों की संख्या में ग्रामीण श्रध्दालु उज्जैन पहुंचे और पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल लेकर पंचक्रोशी प्रवेश द्वार होते हुए पहले पड़ाव की ओर रवाना होने लगे। हीरामिल की चाल में यात्रियों के लिए नगर निगम ने टेन्ट लगाया है और पीने के पानी की व्यवस्था की है।

उल्लेखनीय है कि पंचक्रोशी अतिप्राचीन है और हर साल यह यात्रा चिलचिलाती धूप में होती है। पंचक्रोशी यात्रा का शुभारंभ आज 12 अप्रैल से होना है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी इसके दो दिन पहले से ही श्रद्धालु शहर आना शुरु हो गया था और शनिवार सुबह भी हजारों की तादात में ग्रामीण श्रध्दालु उज्जैन आ गए और बल लेकर पड़ावों की ओर निकल पड़े। जबकि परंपरागत पंचक्रोशी यात्रा की विधिवत शुरुआत हर साल वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की दशमी से होती है। यह तिथि इस बार 12 अप्रैल को आ रही है। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शुक्रवार शाम से ही नगर प्रवेश कर गए थे। रामघाट के साथ-साथ रेलवे स्टेशन के परिसर एवं बाहर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु रात्रि विश्राम करते नजर आए। जो आज सुबह शिप्रा स्नान करने के बाद वे सीधे पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुँचे और वहां से भगवान का पूजन कर बल लेकर गोपाल मंदिर होते हुए सतीगेट मार्ग से निजातपुरा होकर कोयला फाटक स्थित प्रवेश द्वार की ओर बढ़ गए।

एक नजर में पंचक्रोशी मार्ग और पड़ाव- नागचंद्रेश्वर मंदिर से 12 किलोमीटर की दूरी पर पहला पड़ाव पिंग्लेश्वर आता है। यहाँ से 23 किलोमीटर दूर दूसरा पड़ाव कायावरोहरणेश्वर आता है। यहाँ से 23 किलोमीटर दूर उपपड़ाव नलवा आता है। नलवा से 6 किलोमीटर दूर बिलकेश्वर पड़ाव होते हुए अंबोदिया पड़ाव आता है। फिर यहाँ से 21 किलोमीटर चलने पर कालियादेह महल उपपड़ाव तक यात्री पहुँचते हैं। कालियादेह महल से दुर्देश्वर पड़ाव जैथल तक 7 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद आता है। दुर्देश्वर से पिंग्लेश्वर होते हुए उंडासा तक 16 किलोमीटर की यात्रा और करनी होती है। उंडासा उपपड़ाव से शिप्रा घाट कर्कराज मंदिर रेत मैदान तक 12 किलोमीटर की यात्रा की जाती है।

5 दिन में पूरी करनी होती है 118 किलोमीटर की यात्रा- वर्षों से चली आ रही पंचक्रोशी यात्रा की परंपरा आज भी ग्रामीण श्रद्धालुओं द्वारा पूरी आस्था और विश्वास के साथ की जाती है। हर साल वैशाख मास की दशमी से यह यात्रा शुरु होती है और इस दौरान भीषण गर्मी रहती है। आस्थावान इसकी भी परवाह नहीं करते हैं और 118 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 5 पड़ाव और 2 उपपड़ाव से होकर गुजरते हैं। पटनी बाजार नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल लेकर यह यात्रा शुरु होती है और यात्रा का 5 दिन बाद समापन भी इसी मंदिर में बल लौटाकर श्रद्धालु करते हैं।

## कक्षा 7वीं से 9वीं में रिक्त सीटों के विरूद्ध आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित संभाग स्तरीय शा. ज्ञानोदय विद्यालय देवासरोड नागझिरी लालपुर (सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित) में अंतर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 7वीं कक्षा 8वीं, कक्षा 9वीं में रिक्त सीटों के विरूद्ध आवेदन आंमत्रित किए जा रहे है। संस्था में प्रवेश के लिए पूर्व कक्षा में 60 प्रतिशत प्रथम श्रेणी या,़क्रमें उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं में प्रवेश परीक्षा के आधार पर मेरिट कम में प्रवेश दिया जाएगा। संस्था में 90 प्रतिशत स्थान अनुसूचित वर्ग के छात्र/छात्रा के लिए आरक्षित है। शेष 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग, सामान्य वर्ग के बीपीएल कार्ड धारकों के लिए है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल तक है। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र ज्ञानोदय विद्यालय लालपुर से कार्यालय समय में प्राप्त कर वहीं पर विद्यालय में जमा किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 24 अप्रैल को समय 10 बजे से आयोजित की जाएगी।

## उज्जैन में तीन लाख वाहनों के बने ई-चालान, जमा केवल 80 हजार ने किए

### चालान की बकाया राशि 15 करोड़ से ऊपर पहुंची



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन में स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी कैमरों से रोजाना सैकड़ों ई चालान तो बनाए जा रहे हैं लेकिन ई चालान की वसूली इस मान से नहीं की जा रहा है। नतीजतन, उज्जैन में पिछले पांच सालों में 15 करोड़ रुपए से अधिक के ई चालान बनाए जा चुके हैं, लेकिन वसूली 5 करोड़ की भी नहीं हो पाई हैं।

उल्लेखनीय यह हैं कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए प्रमुख चौराहों पर आइटीएमएस सिग्नल (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मेनेजमेंट सिस्टम) लगाए गए हैं। इसके चलते अक्टूबर 2020 से आज तक यातायात नियम तोडने़ वाले 3 लाख से ज्यादा वाहन चालकों के आइटीएमएस से चालान बनाए गए हैं। हैरानी की बात है कि इनमें से सिर्फ 80 हजार ने ही अब तक जुर्माना की राशि जमा की है। यातायात नियमों का पहले उल्लंघन करना फिर जुर्माना न जमा करना घोर लापरवाही और कानून का डर न होना दर्शाता है। दरअसल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने के लिए हाईटेक आइटीएमएस सिग्नल इंस्टाल किए गये थे। दावा था कि पूरे शहर में इन हाईटेक सिस्टम से ही ट्रैफिक कंट्रोल होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालो के ई चालान बनेगा और ऑटो मोड पर सिस्टम काम करेगा। जहां अधिक भीड़ है वाहनों का अधिक दबाब है वहाँ सिग्नल खुद ग्रीन होगा ताकि यातायात आसानी से चलता रहे और शहर में सडकों पर जाम न हो, लेकिन इस सिस्टम से जाम से निजात नहीं मिला। और न ही शहरवासियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन किया। 5 साल में 3 लाख से अधिक लोगों ने यातायात नियमों का उल्लंघन किया और सिर्फ 80 हजार लोगो ने जुर्माना की राशि जमा की हैं। ई चालान के तहत अब तक 15 करोड़ के ई चालान बने हैं लेकिन वसूली 5 करोड़ रु की भी नहीं हो पाई हैं।

## महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुईं अभिनेत्री सारा अर्जुन, अभिनेता राज अर्जुन ने किए दर्शन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धर्मनगरी उज्जैन में शनिवार सुबह उस समय खास माहौल बन गया, जब प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सारा अर्जुन और फिल्म अभिनेता राज अर्जुन ने विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। दोनों कलाकार सुबह तड़के मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। भस्म आरती के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी कलाकारों को अपने बीच पाकर उत्साह जताया। दर्शन के बाद दोनों ने देश-प्रदेश की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की।उल्लेखनीय है कि महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती देश-विदेश में विशेष प्रसिद्ध है, जिसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से उज्जैन पहुंचते हैं।

## शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सडक़ चौड़ीकरण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सडक़ चौड़ीकरण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। कोयला फाटक से लेकर कोतवाली रोड कंठाल तक की सडक़ को 18 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। वही कंठाल चौराहे को 9 मीटर चौड़ा किया जाएगा।इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा मार्ग पर मार्किंग का कार्य शुरू कर दी गई है। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शामिल इस मार्ग के चौड़ीकरण से ट्रैफिक जाम की समस्या में काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही कंठाल चौराहे को भी 9 फीट तक चौड़ा किया जाएगा, जिससे वाहनों की आवाजाही अधिक सुचारू हो सकेगी। इसी कड़ी में कमरी मार्ग को भी 9 मीटर तक विस्तारित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा की जा रही इस कार्रवाई को शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सडक़ चौड़ीकरण के लिए की जा रही मार्किंग के चलते आगामी दिनों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी संभावित है।

## ढाबा रोड पर मकान दरकने लगे तो पाइप लगाकर नाली बनाई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कमरी मार्ग से सत्यनारायण मंदिर तक चौड़ीकरण का काम चल रहा है। इस दौरान दो से तीन मकान अचानक गिर गए। इसको लेकर अब नगर निगम ने पाइप वाली नाली बनाने का काम शुरू कर दिया है। निगमायुक्त ने कहा है कि चौड़ीकरण की जद में आने वाले हर जर्जर मकान को हटाया जाए। उल्लेखनीय है कि ढाबा रोड पर पिछले दिनों में दो मकान गिर चुके हैं। इसको देखते हुए निगमआयुक्त ने यहां पर गहरी नाली खोदने की बजाय बड़े सीमेंट के पाइप डालना शुरू कर दिए। जिससे कम समय में काम जल्दी पूरा हो पाएगा। वहीं अभी भी इस सडक़ पर कई मकान जर्जर है और चौड़ीकरण में नहीं आ रहे हैं। उन सभी मकानों को नगर निगम चिन्हित कर रही है। यहां के मकान मालिकों से नगर निगम द्वारा आग्रह किया जाएगा कि वह अपने मकान भले चौड़ीकरण में नहीं आ रहे हैं फिर भी हटा लें। क्योंकि यहां से श्रावणमास में बरसात के दौरान सवारी निकलती है और सारे त्यौहार के जुलूस भी यहीं से निकलते हैं। इसलिए इस मार्ग पर एक भी जर्जर मकान नहीं होना चाहिए। नगर निगम के इंजीनियर इस मार्ग पर ऐसे सभी मकानों को चिन्हित कर रहे हैं और आने वाले दिनों में सभी को हटा दिया जाएगा। क्योंकि यहां पर अधिकांश मकान एक दूसरे के ऊपर कच्ची दीवार के रूप मे टिके हुए हैं। सवारी के दौरान बड़े-बड़े डीजे और बैंड बाजे तथा ध्वनि बहुत होती है ऐसे में यह कच्चे मकान गिर सकते हैं। इसलिए नगर निगम अब आने वाले दिनों में यह कदम उठा रहा है। आगे सावधानी के बतौर इस मार्ग से जर्जर मकान पूरी तरह हटाए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश सभी इंजीनियरों को दिए हैं।

## एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों की केस स्टडी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों द्वारा तैयार एक तकनीकी केस स्टडी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल, वॉटर एंड एनर्जी इंटरनेशनल में प्रकाशित हुई है। जिसकी व्यापक सराहना इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र मे देश -विदेश के नामी विशेषज्ञों ने भी की है।